हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025

**तापमान**

अधिकतम 29.8 डिग्री

न्यूनतम 15.4 डिग्री

*रात के समय आपातकालीन स्थिति में सफर करने रायपुर से ट्रेनों की संख्या कम*

# रात के सफर में असुविधा..12 से 5 बस नहीं, बिलासपुर जाने एक ट्रेन, नागपुर रूट में बरौनी एक्सप्रेस अंतिम विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आपातकालीन स्थिति में रात 12 बजे के बाद रायपुर से बिलासपुर या फिर नागपुर जाना बेहद मुश्किल है, क्योंकि 12 बजे से 5 बजे तक बस की सुविधा नहीं है। ट्रेन भी गिनती की हैं, जिसकी सुविधा भी यात्रियों को तत्काल में नहीं मिल सकती। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने हर साल पटरियों में दर्जन ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन अब भी रायपुर मंडल में रात के वक्त आपातकालीन स्थिति में सफर करने के लिए गिनती की ट्रेन है। रायपुर से रोजाना 80 से अधिक ट्रेन गुजरती हैं, लेकिन 12 बजे से सुबह 5 बजे तक नागपुर और बिलासपुर ⏭शेष पेज 15 पर

रेलवे स्टेशन में रात 12 से 5 बजे के बीच केवल दो ट्रेनें गुजरती हैं

### रात में ट्रेनों का इंतजार लंबा

रायपुर में 10 बजे के बाद दोनों दिशाओं से ट्रेनों का परिचालन कम होने लगा है। आपातकालीन स्थिति में स्टेशन पहुंचने पर एक घंटे के भीतर ट्रेन मिल जाए यह भी संभव नहीं है। नागपुर रूट में जाने 10:45 को शिवनाथ एक्सप्रेस की सुविधा है, जिसके बाद सीधे 2:45 को गीतांजलि एक्सप्रेस आती है। केवल सोमवार को गीतांजलि के बाद पुरी एक्सप्रेस 3 बजे आती है। 6:25 को हमसफर एक्सप्रेस नागपुर रूट में जाती है। रात 12 से सुबह 5 बजे के बीच तीन घंटे से अधिक का लंबा इंतजार यात्रियों को करना पड़ रहा है।

### 12 बजे के बाद बस की सुविधा नहीं

रात 12 बजे के बाद रायपुर में बस की सुविधा भी बंद हो जाती है। भाटापारा से अंतिम बस 11:45 को अंबिकापुर, दंतेवाड़ा के लिए रवाना होती है। नागपुर, मुंबई और उड़ीसा जाने वाली बस भी 11 बजे तक छूट जाती है। 12 बजे के बाद पूरा बस स्टैंड खाली हो जाता है, जो सुबह 6 बजे के बाद फिर बसों का परिचालन शुरू होता है। दुर्ग, बालोद, बलौदाबाजार समेत अन्य जिलों व राज्यों की बस 7 से रवाना होती है। ऐसे में रात 12 बजे के बाद बिलासपुर जैसी बड़े शहर जाने के लिए रायपुर से बस की सुविधा भी नहीं है। यात्रियों को आपातकालीन स्थिति में गाड़ी किराया करवा कर सफर करना पड़ेगा।

### रात में बिलासपुर जाने 12:25 को अंतिम ट्रेन

रायपुर में बिलासपुर जाने के लिए 12:25 बरौनी एक्सप्रेस अंतिम ट्रेन है, जिसके बाद सुबह 5:05 को शिवनाथ फिर टाटा एक्सप्रेस 5:45 को रवाना होती है। दोनों के बीच लगभग 4 घंटे का लंबा अंतराल है। ठंड में इन दिनों ज्यादातर ट्रेन विलंब चल रही है। ऐसे में रात की ट्रेन भी सुबह पहुंच रही है। 12 बजे के बाद रायपुर के सभी प्लेटफार्म में मालगाड़ी ही ज्यादा गुजरती है। यात्री ट्रेन की संख्या 5 बजे से बढ़ती है।

अघोषित रूप से लोकल पर्चेस भी बंद, कई तरह की सामान्य दवाएं भी गायब

# आंबेडकर अस्पताल को चाहिए 140 तरह की दवाइयां, मिलीं सिर्फ 24, सेंट्रल स्टोर भी खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकल पर्चेस पर अघोषित रूप से लगी रोक और दवा कार्पोरेशन की अनियमित सप्लाई की वजह से आंबेडकर अस्पताल के सेंट्रल स्टोर का स्टॉक भी प्रभावित है। सेंट्रल स्टोर अपने अस्पताल की डिमांड को भी पूरा नहीं कर पा रहा है, जिसकी वजह से मरीजों को तकलीफ हो सकती है। अस्पताल की ओर से जनवरी के लिए 140 दवाओं की आपूर्ति के लिए लिस्ट भेजी गई, जिसमें से केवल 24 दवाएं ही उसे मिल सकी हैं।

यह प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां दवाओं की खपत भी उस हिसाब से अन्य हास्पिटलों की तुलना में दो से तीन गुना अधिक है। सिस्टम के तहत अस्पताल में तमाम तरह की दवाओं की व्यवस्था सेंट्रल स्टोर के माध्यम से की जाती है। यहां दवाओं का स्टॉक सीजीएमएससी से सप्लाई होने वाली दवाओं ⏭शेष पेज 15 पर

### सभी तरह की दवाएं मुश्किल

सूत्रों का कहना है कि दवा स्टोर में सभी तरह की दवाओं को रख पाना मुश्किल है। आवश्यक दवाओं की सूची में 700 नाम शामिल है। इन दवाओं के अन्य कंपनियों के विकल्प होते हैं और चिकित्सकों द्वारा अपने अनुभव के आधार पर मरीजों को दवाएं दी जाती है मिलना मुश्किल होता है। हालांकि अफसर यह भी स्वीकारते हैं कि पिछले कुछ समय से सेंट्रल स्टोर में भी दवाओं का टोटा है।



### दर्द, एलर्जी, विटामिन जैसी दवाएं नहीं

मिनी स्टोर से भेजी गई दवाओं की सूची में कई महत्वपूर्ण दवाओं के नाम भी बड़ी संख्या में शामिल थे और उनकी मांग भी पांच से बीस हजार टेबलेट की थी। स्टाक में नहीं होने की वजह से इसकी सप्लाई नहीं हो सकी। इन दवाओं में एंटीबायोटिक, हार्ट अटैक, गर्भवती महिला को दी जाने वाली दवाएं और कमजोरी की समस्या वाले मरीजों को दी जाने वाली दवाएं भी शामिल है।

### होता रहता है कम ज्यादा

आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर का कहना है कि दवाओं की उपलब्धता कम-ज्यादा आधार पर होती रहती है, मगर दवाएं पर्याप्त हैं। लोकल पर्चेस बंद नहीं हुआ अभी पेंशनरों की दवाओं के लिए यह प्रक्रिया पूरी हो रही है। अन्य दवाओं की खरीदी जेम पोर्टल से की जानी है और वहां उपलब्धता नहीं होने पर अनुमति मिलने पर लोकल पर्चेस किया जाता है।

### इस तरह की दवाएं नहीं मिलीं

- अजीथ्रोमाइसिन 500 एमजी- एंटीबायोटिक
- अमोकसीसीलिन क्लेवेनिक एसिड 625-एंटीबायोटिक
- क्लोपी डोंगरेल 75 एमसी- हार्ट अटैक
- विटामिन बी कांप्लेक्स-गर्भवती महिलाओं के लिए
- डाक्सीफॉयलीन 400 एमजी- सांस संबंधी

### जिनकी सप्लाई कम हुई

- अमोलोडीपिन 5 एमजी- डिमांड 3000 मिली 690 ब्लडप्रेशर की दवा
- असिकलोफेनिक- पैरासिटोमाल- डिमांड 10000 मिली 1000 दर्द निवारक
- लिवोसीट्रिजन 5एमजी- डिमांड 8000 मिली 500 एलर्जी
- टेरोसेमाइड10 एमजी- डिमांड 10000 मिली 3000 डायूरेटिक
- सीफेकसीम 200 एमजी-डिमांड 10000 मिली 5000 एंटीबायोटिक

# गणतंत्र दिवस समारोह, दिल्ली की उड़ानों में सात दिन होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणतंत्र दिवस समारोह की वजह से अगले सात दिनों तक रायपुर से नियमित रूप से संचालित होने वाली दो उड़ानों की कटौती कर दी गई है। 19 से 26 जनवरी तक इंडिगो नियमित रूप से अपनी तीन और एयर इंडिया एक फ्लाइट का संचालन करेगी।

- 19 से 26 जनवरी तक इंडिगो और एयर इंडिया की एक-एक उड़ान स्थगित

व्यास ट्रैवल्स के संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि दिल्ली में होने वाले गणंतत्र दिवस समारोह की वजह से सुरक्षा हाई अलर्ट पर होगी। इसके मद्देनजर 19 से 26 जनवरी तक दिल्ली की हवाई सीमा को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक सील कर दिया जाएगा। इस अवधि में वहां एक भी फ्लाइट का संचालन नहीं होगा। इसकी वजह से तमाम एयरलाइंस कंपनियों ने इस समय दिल्ली के लिए आवाजाही करने वाली अपनी फ्लाइट को रद्द किया है अथवा रीशेड्यूल किया है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली के बीच प्रतिदिन इंडिगो की चार और एयर इंडिया की दो फ्लाइट का संचालन किया ⏭शेष पेज 15 पर

## खबर संक्षेप

### गिरौद में क्रिकेट स्पर्धा का आगाज, 24 गांव की टीम लेंगे भाग

**सिलयारी।** सांसद आदर्श ग्राम गिरौद में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से प्रारंभ हुआ। ग्राम स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 24 गांव टीम की भाग ले रहे हैं। इसके अलावा वार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 1 से 4 वार्ड की टीम 5 से 8 वार्ड की टीम 9 से 12 वार्ड की टीम 13 से 16 वार्ड की टीम 17 से 20 वार्डो की टीम एक दूसरे से आपस में भिड़ेंगे। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम 7777 रुपए हरिशंकर निषाद की तरफ से ,द्वितीय पुरस्कार 5001रुपए मधु जयकिरण वर्मा की तरफ से दिया जाएगा। वहीं मैच प्रारम्भ से पहले सभी वार्ड के प्लेइंग 11 क्रिकेट टीम को मधु जयकिरण वर्मा ने अपनी तरफ टीशर्ट प्रदान किए।

### माता शाकंभरी महोत्सव आज

**अभनपुर।** कोसरिया मरार पटेल समाज अभनपुर राज के तत्वाधान में 19 जनवरी को माता शाकंभरी महोत्सव एवं प्रसादी स्वरूप भव्य सब्जी वितरण बस स्टैड तथा छोटे उरला में नवनिर्मित सामाजिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम नगर पंचायत अभनपुर के किया जायेगा। कार्यक्रम में विधायक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

## निधन

### पुरानिक ध्रुव

**अभनपुर।** ग्राम उल्बा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक पुरानिक ध्रुव

उम्र 81 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे शासकीय प्राथमिक शाला मुजगहन एवं सारखी में अपनी सेवा देने के पश्चात वर्ष 2006 में सेवानिवृत हो गये थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जायेगा।

**सियासत :** कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के आरक्षण कटौती के विरोध में दिया धरना

# भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने के लिए षड्यंत्र रच रही : धनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर शनिवार को कांग्रेस कमेटी अभनुपर विधानसभा के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ राज्य में ओबीसी वर्ग के आरक्षण कटौती के विरोध में अभनपुर बस स्टैड में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व विधायक हर्षद मेहता उपस्थित रहे। इस अवसर पर धनेन्द्र साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संविधान विरोधी कार्यो को लेकर कांग्रेस पार्टी देशभर में आवाज उठा रही है, बाबा साहेब आम्बेडर ने भारत देश की लोगो की उन्नति, तरक्की के लिए संविधान बनाया था उस संविधान पर भाजपा को भरोसा नहीं है। लगातार 10 वर्षों से केन्द्र में बैठी भाजपा सरकार आरक्षण को खत्म करने के लिए षड्यंत्र रच रही है। कही पर भी आरक्षण का पालन नहीं किया जा रहा है। आज करोड़ों लोग इस देश में बेरोजगार घूम रहे हैं और अपने हक एवं अधिकार से वंचित हो रहे हैं। यह आरक्षण समाप्त करने की प्रक्रिया है उसी के तहत हमारे छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग 52 प्रतिशत से अधिक निवास करते हैं, पहले भी मंडल कमीशन के सिफारिश के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने यह व्यवस्था दिया था कि कुल 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण नहीं होना चाहिए फिर भी राज्य सरकार अपने स्थानीय व्यवस्थाओं के साथ अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के लोगो कों जनप्रतिनिधित्व आरक्षण में सुनिश्चित करके दिया जाता था, अनुसूचित जनजाति के अलावा, 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता था लेकिन अभी जो आरक्षण किया गया है उसमे जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए एक भी पद आरक्षित नहीं किया गया है जबकि 33 जिला पंचायत में 14 प्रतिशत के हिसाब से पिछले चुनाव में 7 जिला पंचायत अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होता था लेकिन अभी एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष पद आरक्षित नहीं है, कुछ समय पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बयान दिया था कि पिछड़ा वर्ग के लोगों को स्थानीय चुनाव मे 50 प्रतिशत आरक्षण दे रहा हूं यह तो 50 प्रतिशत की दूर की बात एक प्रतिशत भी नही दिया गया, न जाने क्या तकलीफ है जबकि पिछड़ा वर्ग ने ही उनकी सरकार बनाने मे अहम भूमिका निभाई है।

### भाजपा अध्यक्ष के बयानों को लेकर कार्यकर्ता मौन

उन्होने पिछड़ा वर्ग का ही आरक्षण समाप्त कर दिया, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने बयान दिया है कि कोई बात नहीं इसमें आरक्षण नहीं हुआ है तो पिछड़े वर्ग के लोगों को अनारक्षित पद है उसमें ज्यादा से ज्यादा टिकट देंगे यह हास्यास्पद बात है। जब यह चुनाव पार्टी आधार में होता ही नहीं है तो टिकट कैसे बांट देगें, त्रि स्तरीय पंचायत चुनावो में टिकट बांटने का कोई प्रावधान ही नहीं है, पिछड़ा वर्ग जिन्हे कानूनी हक संविधान ने दिया है उसके लिए टिकट की मिन्तते करने की जरूरत ही क्या है भाजपा अध्यक्ष के ऐसे बयानों को लेकर पार्टी के सभी नेता मौन है, चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। इसी व्यवस्था में भाजपा चुनाव कराना चाहती है लेकिन कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार को आगह किया है कि अभी भी समय है कि आरक्षण प्रक्रिया को दुरूस्त कर चुनाव की घोषणा करें पूर्ववत व्यवस्था जारी करते हुए।

पिछड़ा वर्ग का आरक्षण सुनिश्चित करें। इस पर सुधार नहीं किया गया तो जल्द ही कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन कर सरकार को पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित करने मजबूर करेगी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ग्रामीण उधो राम वर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रवीण साहू, जपं. अध्यक्ष देवनंदनी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष भोला सोनवानी, नपं. पूर्व अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन, पार्षद बलविंदर गांधी, उत्रसेन गहिरवारे, नीलकमल गिलहरे, रानू राठी, सुनील कौशल, जयवर्धन बघेल, घासुराम साहू, राकेश बघेल, तुलेश साहू, , सोनजीत ध्रुव, निम्बा निम्बेकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों की चली जाती है जान : भोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

- ताराशिव में सड़क सुरक्षा पर दी गई जानकारी

यातायात पुलिस रायपुर द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत शुक्रवार को ग्राम ताराशिव के बाजार चौक में सड़क सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें यातायात प्रशिक्षक टीके लाल भोई द्वरा बताया गया की हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की जान चली जाती है और करोड़ों लोग गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। भारत में हर साल लगभग 80 हजार लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं जो पूरी दुनिया में होने वाली कल मृत्यु का 13% है। लोगों की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। कई ड्राइवर खतरनाक व्यवहार करते हैं जैसे शराब पीकर गाड़ी चलाना, तेज गति में गाड़ी चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनुदेखी करना यह हरकतें ना केवल ड्राइवर को खतरे में डालती है बल्कि अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए भी गंभीर जोखिम पैदा करती है। श्री भोई ने आगे बताया कि एक महत्वपूर्ण समस्या अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और सड़क डिजाइन भी है। उचित रोशनी सड़क चिन्हों और ट्रैफिक सिग्नल जैसी आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं का अभाव होता है। इसमें दुर्घटना और जोखिम बढ़ जाता है। कार्यक्रम को सरपंच मनीष कुमार वर्मा ने भी संबोधित किया और कहा कि वाहन चलाने के पहले आपके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है । दोपहिया वाहन चलाने वाले हमेशा हेलमेट का उपयोग करें। लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में शिक्षित होना आवश्यक है। सड़क सुरक्षा माह के तहत कला जत्था के माध्यम से तिल्दा नेवरा पुलिस का भी सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस रायपुर से एएसआई ईश्वर देवांगन, आर सहदेव राम, गोवर्धन साहू, मुकेश कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत ताराशिव से हेमलाल सेन पंच, मनोज साहू पंच, जितेंद्र वर्मा गुरुजी, मुकेश वर्मा सहित 400 की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुहा निषाद की जंयती धूमधाम से मनाई गई

**अभनपुर।** ग्राम पौंता नवा रायपुर में निषाद समाज द्वारा राम भक्त गुहा निषाद की जंयती धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम मे पहुंचे अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहु ने राम भक्त गुहा निषाद की पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने सभा मे उपिस्थत जनो को संबोधित करते सामाजिक एकता व समाज में शिक्षा के प्रचार, प्रसार पर बल देते हुए ग्राम में विकास, समाज मे भागीदार बनने पर जोर दिया देते ग्राम पौंता को नवीन पंचायत बनने पर

ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा किं पौंता नया पंचायत बना हैं विकास की नींव जीतनी मजबूत होगी उतना ही गांव तरक्की करेगा इसलिए ग्राम विकास को ध्यान रखते हुए पुनः ग्राम के योग्य सरपंच गौरव शर्मा को निर्विरोध पुनः सरपंच बनाने की अपील की। इस दौरान ग्राम के निषाद समाज अध्यक्ष घनश्याम निषाद, रामसेवक निषाद, चमन निषाद, सतीष निषाद, गिरधारी निषाद, खेमू निषाद, कुशल यादव, महेश निषाद, रोहित निषाद, भूपेश विश्वकर्मा सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ईश्वर की लीला में संदेह कभी ना करें : आचार्य नंदकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम निनवा में चल रही पांच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा वाचक आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा निनवा वाले ने शिव सती चरित्र कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान शंकर अपनी पत्नी सती को साथ लेकर राम कथा सुनने के लिए अगस्त मुनि के आश्रम पर जाते हैं। भगवान भोलेनाथ एकाग्रचित होकर मन लगाकर भगवान की कथा सुनते हैं लेकिन माता सती का ध्यान कथा में नहीं

होने के कारण उन्हें भगवान राम के ऊपर शंका हो गई कि ये पारब्रह्म परमात्मा राम नहीं हैं केवल दशरथ पुत्र राम है। आचार्य ने कहा कि जो मनुष्य भगवान की कथा को ध्यान पूर्वक मन लगाकर नहीं सुनता है उसे भगवान और उनकी लीलाओं में संदेह अवश्य होता है जिनका परिणाम बड़ा ही गंभीर हो जाता है। माता सती ने शंका किए जिसके कारण आगे चलकर अपने पिता राजा दक्ष के यज्ञ मे हवन कुंड में अपने शरीर जलाकर प्राणांत कर ली। आचार्य ने बताया कि भगवान की चरित्र कथा को पुस्तक से पढ़ने से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त हो सकता है लेकिन भक्ति नहीं मिलती। जब तक भगवान की कथा को मन लगाकर श्रवण नहीं करेंगे तब तक भक्ति नहीं मिलती।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिले डा. रमन

**रायपुर।** नई दिल्ली प्रवास के दौरान शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते हुए श्री शाह को माडिया मदिन युगल नृत्य की प्रतिमा भेंट की। इस मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इनमें राज्य के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। डॉ. रमन ने इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राज्य में किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों की जानकारी भी दी।

### यूपी के सांसद चंद्रशेखर आजाद कल आएंगे

**रायपुर।** भीम आर्मी के संस्थापक और उत्तरप्रदेश की नगीना लोकसभा सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद अपने 2 दिवसीय दौरे पर 20 और 21 जनवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। जहां वे बलौदाबाजार हिंसा में जेल में बंद सतनामी समाज के निर्दोष लोगों की रिहाई की मांग कर राजभवन में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। इसी मामले में भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज बंजारे और पूरी टीम लगातार छत्तीसगढ़ प्रदेश का दौरा कर रही है। साथ ही सभी जगह कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जा रहा है निर्दोष लोगों की निशर्त रिहाई की मांग की जा रही है।

### प्रदेश को मिले 20 नए डाक्टर, पोस्टिंग आर्डर जारी

**रायपुर।** अंतिम स्वास्थ्य केंद्र तक चिकित्सकों की मौजूदगी और उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पांच चिकित्सा विशेषज्ञ सहित 20 डाक्टरों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 3, बिलासपुर संभाग में 6, सरगुजा संभाग में 2, बस्तर संभाग में 1 तथा दुर्ग संभाग में 3 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. पी सुधाकर,, डॉ. राहुल माणिकराव राठौड़, डॉ. समीरानन्दन रेड्डी सी. व डॉ. वी अमरिंदर को जिला अस्पताल बीजापुर व डॉ समीर रजक की जिला अस्पताल खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में पदस्थ किया गया है।

### खाद्य अधिकारी-कर्मचारी संघ का कैलेंडर विमोचित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी-कर्मचारी संघ रायपुर के पदाधिकारियों ने शनिवार को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से उनके रायपुर निवास में मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंत्री ने छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी-कर्मचारी संघ के नववर्ष 2025 कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर संघ के प्रांताध्यक्ष एनएस राठौर, उपप्रांताध्यक्ष संतोष कुमार, संगठन सचिव वीना किरण, जिलाध्यक्ष मनोज बघेल, शशि सिंह व पुष्पा चौधरी उपस्थित रहे।

### गुरु तेगबहादुर के बलिदान पर मंचन आज

**रायपुर।** तेलीबांधा स्थित एक निजी होटल में 19 जनवरी को शाम 7 बजे गुरु तेगबहादुरजी के बलिदान पर आधारित नाटक हिंद दी चादर का मंचन किया जाएगा। यह कार्यक्रम महेंद्र सिंह सिब्बल फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि इस मंचन में आदर्श कला मंदिर बिलासपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल और डॉ. चरणदास महंत होंगे।

# जिलों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, आयोग की तैयारी पूरी, आचार संहिता आज-कल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव, विधानसभा का बजट सत्र और परीक्षा शुरू होने के पहले करा लिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमुख विभाग के अधिकारियों की प्रशासनिक और कानूनी तैयारियों को लेकर बैठक ली गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा है कि आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। रविवार को आयोग द्वारा जिलों के अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा सोमवार को हो सकती है।

इधर नगरीय निकाय चुनाव में मतदान ईवीएस से कराए जाने का निर्णय होने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग इसकी तैयारी में जुट गया है।

## ईवीएम की जांच कर हैदराबाद की तकनीकी टीम ने दी हरी झंडी

### कांग्रेस सरकार का निर्णय बदला गया

छत्तीसगढ़ में पिछली बार का निकाय चुनाव बैलेट पेपर से हुआ था। उस समय वो निर्णय कांग्रेस ने लिया था, जिसे अब बीजेपी ने बदल दिया है। 2019 से पहले पहले 2014 में निकाय चुनाव से ही हुए थे। कांग्रेस सरकार ने बैलेट पेपर की व्यवस्था लागू की थी, इसे बदलने के लिए इवीएम वाले प्रावधान वापस जोड़े। अधिसूचना में इलेक्शन से जुड़ी कई गाइड लाइन भी दी है। 18 जनवरी के बाद निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा। बहरहाल, राज्य निर्वाचन आयोग ने अब इवीएम से चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं.

### जिलों में अंतिम प्रकाशन पूरा

*नगरीय निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। निर्वाचन आयोग रविवार को जिलों से प्राप्त सूचना के आधार पर मतदाता सूची का प्रदेश स्तर पर प्रकाशन करेगा। निर्वाचन आयोग ने जिला के उप निर्वाचन अधिकारी और चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा है।*

ईवीएम की जांच के लिए हैदराबाद से विशेषज्ञों की टीम नवा रायपुर में मशीनों की जांच कर रही है। अफसरों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के पास करीब 20 हजार बैलेट यूनिट और 10 हजार कंट्रोल यूनिट हैं। 2014-15 के नगरीय निकाय चुनाव में इसका अंतिम बार उपयोग किया गया था, इसके बाद से सभी ईवीएम राज्य निर्वाचन आयोग के स्टोर रुम में रखा हुआ था। निकाय चुनाव ईवीएम से कराए जाने की अधिसूचना जारी होने के साथ मशीनों को तैयार करने प्रक्रिया शुरू कर दी गई। ईवीएम मशीनों की जांच के लिए हैदराबाद से 165 लोगों की टीम में इंजीनियर समेत अन्य तकनीकी स्टाफ शामिल है। अफसरों के अनुसार ईवीएम मशीनों के प्रथम स्तर की जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

## तकनीकी शिक्षा, सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक के मध्य एमओयू

# युवाओं को रोजगार और कौशल विकास क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

अनुबंध निष्पादन समारोह के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आज का यह अनुबंध छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा कौशल प्रदान करना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर छात्र चाहे वह आईटीआई से हो इंजीनियरिंग कॉलेज से हो या पॉलीटेक्निक से उसके पास रोजगार का उचित अवसर हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रोजगार के लिए पंजीकृत छात्रों का डेटा पूरी तरह सुरक्षित रहेगा और यह केवल राज्य के हित में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि अनुबंध के तहत जो भी सेवाएं प्रदान की जाएंगी, वे पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने युवाओं से सीजी रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर युवा को उसकी क्षमता और योग्यता के अनुरूप एक सही दिशा मिले। युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

### युवाओं का आत्म निर्भर बनाना चाहती है सरकार- केदार

वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ के युवाओं में अपार क्षमता है, लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसरों की आवश्यकता है। यह अनुबंध सुनिश्चित करेगा कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों के युवा भी मुख्यधारा में शामिल हो सकें और अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहती है।

### 10 प्रतिशत छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य

अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड, सीएसआरबॉक्स और सीआईआई यंग इंडियंस जैसे साझेदारों के साथ मिलकर राज्य में रोजगार और कौशल विकास का एक नया युग शुरू हो रहा है। आईबीएम द्वारा फ्री ऑफ कॉस्ट सर्टिफिकेशन कोर्स करवाया जाएगा जो राज्य के आईटीआई, इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में उपलब्ध होगा। इस कोर्स से छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा और कम से कम 10 प्रतिशत छात्रों को रोजगार सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### ये थे मौजूद

शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग के सचिव एस भारतीदासन, संचालक तकनीकी शिक्षा और रोजगार ऋतुराज रघुवंशी, अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. प्रीत सिंह, सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट मनो विराज सिंह, वाईस प्रेजिडेंट और सीआईआई यंग इंडियंस के चेयर पर्सन गौरव अग्रवाल के अलावा अन्य अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न संस्थान के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कैबिनेट आज, लिए जा सकते हैं कई महत्वपूर्ण फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय चुनाव की आचार संहिता लगने की अटकलों के बीच, कैबिनेट की बैठक रविवार को आयोजित की जाएगी। ऐसी संभावना है कि सोमवार को आचार संहिता का ऐलान किया जा सकता है। आचार संहिता लागू होने से पहले कैबिनेट की आखिरी बैठक हो सकती है, जिससे इसमें महत्वपूर्ण फैसले लिये जा सकते हैं। कैबिनेट में धान के कस्टम मिलिंग और राजनीतिक अपराध वापसी पर उप समिति के निर्णय पर मुहर लग सकती है।

- धान कस्मम मिलिंग और राजनीतिक अपराध वापसी पर लग सकती है मुहर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में सुबह साढ़े 11 बजे होने वाली बैठक में चुनाव से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकते हैं। वहीं धान खरीदी और कस्टम मिलिंग को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति के निर्णय पर कैबिनेट की मुहर लग सकती है। उल्लेखनीय है कि उप समिति में सरप्लस धान को निराकरण नीलामी के माध्यम ये करने का निर्णय लिया था। उप समिति धान के शत-प्रतिशत निष्पादन के संबंध में सुझाव दिया है कि केन्द्रीय और राज्य पूल में 125 लाख मीट्रिक टन धान का निष्पादन हो सकेगा। लगभग अतिशेष 40 लाख मीट्रिक टन धान के नीलामी के लिए निविदा प्रक्रिया पर से करने का सुझाव रखा है। धान खरीदी के बाद माह फरवरी के दूसरे सप्ताह में नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने के निर्णय लिया है। अंतिम निर्णय कैबिनेट की बैठक में तय होगी। वहीं राजनीतिक अपराध के लिए गठित उप समिति में दो दर्जन से अधिक मामलों में प्रकरण वापस लेने की अनुसंशा की है जिस पर मुहार लग सकती है।

### चुनाव कराने निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी

सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में सरकार चुनाव से पहले कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकती है। आज चुनाव आयोग सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों और पांच विभागों के प्रमुख सचिवों तथा सचिवों के साथ बैठक कर रहा है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि निकाय और पंचायत चुनाव की तारीखें 20 जनवरी को घोषित की जा सकती हैं। चर्चा है कि सोमवार को राज्य चुनाव आयोग कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है।

## राप्रसे के तबादला आदेश में संशोधन

# दो आईएएस सहित कई राप्रसे के अफसरों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, बलरामपुर सीईओ रेना जमील को वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में उपसचिव बनाया गया है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी नारायणपुर वासु जैन को सीईओ सक्ती बनाया गया है।

नगरीय निकाय चुनाव के पहले बड़े पैमाने पर राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया था। तबादले के आदेश में सामान्य प्रशासन विभाग ने संशोधन किया है, जिसमें 7 अफसरों का नाम शामिल है। संशोधित आदेश में 2014 बैच के राप्रसे के अधिकारी घासीराम मरकाम को गरियाबंद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर यथावत रखा गया है। गिरीश




कुमार रामटेके को प्रबंधक, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार मंडल, नवा रायपुर अटल नगर से सचिव, भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार मंडल, नवा रायपुर अटल नगर में पदस्थापना दी गई है। वहीं शशिकांत कुर्रे को कोरबा का डिप्टी कलेक्टर, दीप्ति वर्मा डिप्टी कलेक्टर बेमेतरा को संयुक्त कलेक्टर के पद पर बेमेतरा में पदस्थ किया गया है। शशि कुमार चौधरी को डिप्टी कलेक्टर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से जांजगीर चांपा, इंदिरा देवहारी अपर कलेक्टर राजनांदगांव को धमतरी पदस्थ किया गया है।

### मरकाम छत्तीसगढ़ पेवेलियन प्रयागराज में पदस्थ

प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में महाकुंभ मेला परिसर स्थित छत्तीसगढ़ पैवेलियन (मण्डप) में अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन की जगह कोरिया अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम की ड्यूटी लगाई गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश में अरुण कुमार मरकाम की ड्यूटी 18 से 27 जनवरी तक रहेगी। उनकी नियुक्ति राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इंद्रजीत बर्मन को सारंगढ़-बिलाईगढ़ सीईओ बनाए जाने के बाद की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के लोगों को मार्गदर्शन देने और आपदा की स्थिति निर्मित होने पर सहायता के लिए छत्तीसगढ़ के 4 अपर कलेक्टरों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इनमें रायपुर अपर कलेक्टर नवीन कुमार ठाकुर के साथ बलरामपुर-रामानुजगंज के अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन, जशपुर अपर कलेक्टर रामशीला लाल और सरगुजा अपर कलेक्टर रामसिंह ठाकुर शामिल हैं।

# भाजपा में दावेदारों के नामों का पैनल बनाने की कवायद प्रारंभ, पार्षद प्रत्याशियों का फैसला होगा जिलों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों को लेकर दावेदारों का पैनल बनाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। नगर निगम और नगर पालिकाओं में पार्षदों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। वार्डों में भी प्रभारी जा रहे हैं। वहां पर चर्चा करके दावेदारों के नाम लिखे जा रहे हैं। नगर निगम के महापौर, पालिकाओं के अध्यक्ष, नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों के लिए उम्मीदवारों का चयन 25 जनवरी तक पूरा करके इनका ऐलान भी करने की तैयारी है। जहां महापौर प्रत्याशी का चयन प्रदेश चयन समिति करेगी, वहीं पालिका अध्यक्ष प्रत्याशियों का चयन संभागीय समिति प्रदेश समिति के अनुमोदन के बाद करेगी और ऐलान करेगी। पार्षद प्रत्याशियों का चयन संभागीय समिति करेगी और ऐलान जिला समिति करेगी।

- नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन में प्रत्याशियों के चयन की चल रही कवायद

प्रदेश में पहली बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे, इसके बाद पंचायत चुनाव होंगे। हालांकि दोनों चुनाव के लिए मतदान में ज्यादा दिनों का अंतर नहीं रहेगा। ऐसे में दोनों चुनावों के लिए प्रत्याशियों का चयन करने की कवायद चल रही है। अभी से लगातार दावेदारों के नाम भी सामने आ रहे हैं। दावेदार जिलों, संभाग के प्रभारियों के पास जाने भी लगे हैं।

### महापौर-अध्यक्ष प्रत्याशी ऐसे होंगे तय

*नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों के चयन के लिए जिलों से पैनल तैयार होकर संभागीय समिति के पास आएगा इसके बाद संभागीय समिति से यह पैनल प्रदेश चयन समिति के पास पहुंचेगा। प्रदेश चयन समिति की बैठक में सभी नगर निगमों के पैनलों पर मंथन के बाद नामों का ऐलान प्रदेश चयन समिति करेगी। अगर जरूरी हुआ तो महापौर प्रत्याशियों के नामों के ऐलान के पहले राष्ट्रीय संगठन को भी इसकी जानकारी देकर मंजूरी ली जा सकती है। इसी तरह से नगर पालिकाओं के अध्यक्ष प्रत्याशियों के लिए जिलों से संभागीय समिति के पास पैनल आएगा। इस पर संभागीय समिति फैसला करेगी, लेकिन इसके लिए संभागीय समिति को प्रदेश समिति का अनुमोदन लेना पड़ेगा। अनुमोदन लेने के बाद संभागीय समिति पालिका के अध्यक्ष प्रत्याशियों का ऐलान करेगी। नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशियों पर फैसला संभागीय समिति करेगी और जिलों में इसका ऐलान होगा। पार्षद प्रत्याशियों पर अंतिम फैसला संभागीय समिति करेगी। मंडलों ने नाम आने के बाद इनको जिला समिति पैनल बनाकर संभागीय समिति के पास भेजेगी। वहां से नाम तय करके जिला समिति को बताया जाएगा तो जिला समिति पार्षद प्रत्याशी के नामों का ऐलान करेगी।*

## प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने की जिले के विकास कार्यों की समीक्षा

# जनता को शासकीय योजनाओं का दिलाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर का राजधानी के अनुरूप विकास करें और पूरे जिले को हम सब मिलकर स्वच्छ और सुंदर बनाएं। विधायक एवं जनप्रतिनिधि से सुझाव लेकर यातायात, अपराध नियंत्रण, राजस्व सहित अन्य विषयों पर कार्ययोजना बनाएं। ये बातें जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने शनिवार को कलेक्टोरेट के रेडक्रॉस सभागृह में जिले की समीक्षा बैठक में कही। विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, खुशवंत गुरु साहेब, इंद्रकुमार साहू के अलावा कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे। मंत्री श्री कश्यप ने राजस्व संबंधी

कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि राजस्व के विवादित या अविवादित सीमांकन के प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटारा करने की कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों को मिले। इसका विशेष ध्यान रखें। उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए। नवीन राशनकार्ड का वितरण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान बैठक में कहा गया कि जो स्वास्थ्य विभाग के जो भवन अपूर्ण हैं, उसे पूर्ण किया जाए। विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं। साथ ही आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के लिए कैंप लगाकर योजना का लाभ दें। ब्लॉक स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगाकर कार्ड बनाया जा रहा है।

बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विधायकों ने आरटीई और स्वामी आत्मानंद स्कूल सहित अन्य स्कूलों में शिक्षकों के संबंध में सुझाव दिए।

### महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने लगाएं शिविर

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों के सुझाव के अनुरूप ऐसा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाएं, जो पूरे प्रदेश के लिए एक उदाहरण बन सके। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत जिन हितग्राहियों को अभी राशि मिलनी बंद हो गई है। उसकी समीक्षा कर उन्हें योजना का लाभ दिलाएं।

### आचार संहिता लगाकर बच्चों के भविष्य से सरकार न करें खिलवाड़

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार

राज्य में समय पर नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत चुनाव करवाने में विफल रही, नगरीय निकाय और पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्य सरकार ने सभी जगह प्रशासक नियुक्त कर दिए हैं और अब जब बच्चों के वार्षिक परीक्षाओं का समय आने वाला है, तब सरकार चुनाव के लिए आचार संहिता लगाने वाली है। चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिससे निश्चित ही बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और उनके उज्ज्वल भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी।

## शिकायत के बाद की गई कार्रवाई

# ईपीएफ ने पीडब्ल्यूडी के खाते किए सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग में कार्यरत लगभग 6442 दैनिक मासिक श्रमिकों की ईपीएफ राशि जमा न किए जाने पर ईपीएफ कार्यालय ने बड़ी कार्रवाई की है। लोक निर्माण के सभी 60 संभागीय कार्यालयों के बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। 2015 से जनवरी 2021 तक कार्यरत दैनिक श्रमिकों का ईसीआर और चलान ऑनलाइन जमा करने का आदेश प्रमुख अभियंता को दिया गया है, जिससे यह राशि बिना त्रुटि के श्रमिकों के ईपीएफ़ खाते में जमा हो सके।

मामले में दैनिक श्रमिक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी द्वारा की गई शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है। फरवरी 2021 से दिसम्बर 2024 अवधि के लिए नया प्रकरण लोनिवि के विरुद्ध दर्ज कर लिया गया है। इस संबंध में कार्यरत श्रमिकों का इस अवधि के हर माह वेतन भुगतान की जानकारी भी मांगी गई है, जिससे इस अवधि का दैनिक आकस्मिक श्रमिक और विभाग के बकाया की गणना कर राशि जमा करने का नोटिस पुनः दिया जा सके।

बताया गया है कि लोनिवि को ईपीएफ कार्यालय में फिर जमा करना होगा। इसमें श्रमिकों का 12 प्रतिशत भाग भी अब विभाग को ईपीएफ़ नियमानुसार स्वयं अपने 12 प्रतिशत की राशि जमा करना पड़ेगा।

# निगम का कारनामा, कई वर्षों तक भेजा नहीं, अब एक साथ जोड़कर थमा दिया 9 साल का डिमांड बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर का एक नया कारनामा सामने आया है। शहर के रामनगर, कलिंग नगर में रेलवे की जमीन पर काबिज परिवारों को नगर निगम ने 9 साल का डिमांड बिल एक साथ भेज दिया है। इस डिमांड बिल को देखकर सभी परिवारों के होश उड़ गए हैं, क्योंकि इससे पूर्व इन परिवारों को कई वर्षों तक कोई डिमांड बिल जारी नहीं किया गया था। एकाएक इन परिवारों को 9 वर्ष का डिमांड बिल जारी किया गया है। ताज्जुब की बात यह है कि इस डिमांड बिल में संपत्ति कर नहीं लगाया गया है। इसके बावजूद परिवारों को 10 हजार से लेकर 21 हजार रुपए तक का डिमांड बिल भेजा गया है। एकाएक हजारों रुपए का डिमांड बिल पाकर लोगों के होश तो उड़े हैं, साथ उन्हें इसका भुगतान करने की चिंता भी सताने लगी है।

### सरचार्ज साढ़े 3 हजार से साढ़े 7 हजार रुपए

डिमांड बिल में सबसे ज्यादा सर चार्ज लगाया गया है। सर चार्ज किसी को साढ़े 3 हजार रुपए तो किसी को साढ़े 7 हजार रुपए लगाया गया है। इसके अलावा डिमांड बिल में यूजर चार्ज 360 रुपए, सामान्य जल कर 300 रुपए, समेकित कर 200 रुपए, शिक्षा कर 60 रुपए लगाया गया है। इस डिमांड बिल में पिछला बकाया के रूप में वर्ष 2016-2017 की राशि भी जोड़ी गई है। पिछला बकाया की राशि किसी को साढ़े 5 हजार रुपए तो किसी को 12 हजार रुपए से अधिक भेजा गया है।

### 40 वर्षों से ज्यादा समय से यहां रहते हैं 100 से 150 परिवार

संतरामदास वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत रामनगर, कलिंग नगर में 40 वर्षों से अधिक समय यहां 100-150 परिवार निवासरत हैं। यहां रहने वाले लोगों ने बताया कि जिस जमीन पर उनके कच्चे-पक्के घर बने हुए हैं, वह जमीन रेलवे की है, इसलिए उनके घरों में नगर निगम द्वारा कभी डिमांड बिल भेजा नहीं गया। लोगों ने बताया कि नवंबर 2024 में उनके मोहल्ले में निगम ने घर-घर डिमांड बिल भेजा है। इस बिल में वर्ष 2016 से लेकर अब तक का बिल जोड़कर भेजा गया है।

## हजारों का डिमांड बिल पाकर रेलवे की जमीन पर काबिज रामनगर-कलिंग नगर रहवासियों के उड़े होश

**केस 1**

कर्मा चौक रामनगर निवासी पदम बाई ने बताया कि निगम का उनके घर भी डिमांड बिल आया है। यह बिल 10 हजार 52 रुपए का आया है, जिसमें सरचार्ज 3572 रुपए और पिछला बकाया 5560 रुपए जोड़ा गया है, जबकि पहले निगम से कोई डिमांड बिल आया नहीं था। अगर हर वर्ष बिल आता, तो हम उसका भुगतान भी करते, लेकिन अचानक 8-9 साल का बिल दे दिया गया है, जिसे भुगतान कैसे करें, इसकी चिंता सताने लगी है।

**केस 2**

कर्मा चौक रामनगर निवासी जगमोहन कुर्रे के घर में भी निगम का डिमांड बिल आया है। इस घर में रहने वाली महिला ने बताया कि उसे भी वर्ष 2016 से लेकर वर्ष 2024 तक का डिमांड बिल आया है, जिसमें 2026-27 का बकाया राशि 12384 रुपए के अलावा सरचार्ज 6989 एवं यूजर चार्ज 1560 रुपए, संपति कर 203, समेकित कर 400, अन्य जल कर 300 रुपए आया है। इस तरह उसे 21 हजार 896 रुपए का बिल भेजा गया है।

**केस 3**

भारत नगर रामनगर निवासी भानुराम ने बताया कि उसके घर भी 10 हजार 108 रुपए का डिमांड बिल आया है। इसमें वर्ष 2016-17 का 5560 रुपए के अलावा सर चार्ज 3628 रुपए के अलावा अन्य कर शामिल है।

### नियम व आदेश के तहत दिए जा रहे डिमांड बिल

डिमांड बिल नियम और आदेश के तहत दिए जा रहे हैं। ज्यादातर परिवारों ने वर्ष 2016 से कर का भुगतान नहीं किया है, इसलिए जोड़कर उन्हें बिल भेजा गया है।
**- राकेश कुमार झंझोटे,** सहायक राजस्व निरीक्षक

### डिमांड बिल का भुगतान करने पुरानी रशीद लाने कहा जा रहा

लोगों ने बताया कि डिमांड बिल का भुगतान करने के लिए पुरानी रशीद भी साथ में लाने कहा जा रहा है, जबकि इससे पहले कई घरों में डिमांड बिल ही नहीं आया है। ऐसे में पुरानी रशीद कहां से लाएंगे, इसलिए मजबूरी में सभी को नए बिल के अनुसार ही भुगतान करना होगा।

## खबर संक्षेप

### राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर व्याख्यान

**रायपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में विगत दिनों गुरुनानक चौक स्थित निवेदिता शासकीय कन्या शाला में उनके जीवनवृत्त और दूरदर्शी प्रबंधन पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रगति यादव महासंघ द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की नौ नन्ही-मुन्नी बालिकाओं ने नवदुर्गा स्वरूप वीरांगना अहिल्याबाई का रूप धारण कर उनकी प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और साहस की चर्चा कर उपस्थित जनसमुदाय की ताली बटोरी। इस मौके पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक मुख्य वक्ता टोप लाल वर्मा ने नारी सशक्तिकरण की प्रतीक वीरांगना का उनका धर्म के प्रति अतुलनीय समर्पण को राष्ट्रीय चरित्र की मिसाल बताया। इसी दौरान प्रगति यादव महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने छात्राओं को रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी से प्रेरणा लेने की सलाह देते हुए उनकी देशभक्ति, राजनीतिक सूझबूझ एवं पराक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान महासंघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हत्या की घटना में शामिल फरार तीन बदमाशों को पुलिस ने झारखंड से किया गिरफ्तार

# प्रेम प्रसंग पर बदमाशों ने यश का अपहरण कर बंधक बनाया और जमकर पीटा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के युवक की तेलीबांधा के एक फार्म हाउस में अपहरण कर ले जाने तथा बंधक बनाकर मारपीट कर हत्या के फरार तीन बदमाशों को पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार किया है। हत्या में शामिल एक बदमाश को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हत्या की वजह प्रेम प्रसंग बताई जा रही है। पुलिस ने महावीर नगर निवासी चिराग पंजवानी, भाई तुषार पंजवानी तथा तेलीबांधा निवासी सुशील खेमानी उर्फ यश खेमानी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के एक साथी तुषार पाहूजा को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। चिराग तथा उसके साथियों ने यश को 13 अक्टूबर को कॉल कर पार्टी करने के लिए तेलीबांधा गली नंबर सात में बुलाए। वहां पहुंचने के बाद चारों लड़कों ने यश को अपने साथ कार में बैठा लिया। चलती कार में यश से उसके दोस्त कुशाल तोलानी के बारे में पूछने लगे। कुशाल के जानकारी नहीं देने पर कार से उतारकर लात, घूंसे तथा डंडे से बेहोश होते तक पीटा।

### कुशाल को मारने की थी योजना

पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि कुशाल जिस युवती से प्यार करता है, उस लड़की से बदमाशों का दोस्त तुषार पहले से प्यार करता था। इस वजह से कुशाल को सबक सिखाने बदमाश उसे मारने की फिराक में थे। कुशाल, यश का दोस्त है। इस वजह से बदमाशों ने यश को पार्टी देने के बहाने बुलाकर कुशाल के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश की। जानकारी नहीं देने पर बदमाशों ने यश की हत्या कर दी।

### अस्पताल ले जाने के बाद बंधक बनाया

यश के बेहोश होने के बाद बदमाश उसे उपचार कराने कार में लिटाकर आंबेडकर के साथ चरौदा सरकारी अस्पताल लेकर गए। ठीक नहीं होने पर बदमाश यश को बंधक बनाकर तेलीबांधा स्थित एक फार्म हाउस ले गए। फार्म हाउस में बदमाशों ने यश के हाथ, पैर रस्सी से बांध दिए।

## कमल विहार, धरसींवा दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली

### धरसींवा मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली

धरसींवा मेन रोड में 31 दिसंबर की रात मां-बेटी की दोहरे हत्याकांड मामले की गुत्थी भी पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। घटना स्थल के पास से पुलिस को करीब 35 के करीब कॉल डंप मिले हैं। उसमें से एक नंबर घटना दिनांक को खमतराई के आसपास होना पाया गया है। धरसींवा दोहरे हत्याकांड मामले को सुलझाने पुलिस की चार अलग-अलग टीमें लगी हैं। सूत्रों के मुताबिक एक टीम बिलासपुर गई थी। दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस अब तक 50 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ कर चुकी है।

### युवती कमल विहार कैसे पहुंची अब तक नहीं मिली जानकारी

मंगलवार को कमल विहार में कोटा में रहने वाली मानसिक रूप से कमजोर युवती की रेप के बाद गला घोंटकर हत्या के मामले को पुलिस अब तक नहीं सुलझा पाई है। पुलिस के अनुसार युवती घुमंतू प्रवृत्ति की थी, लेकिन युवती कमल विहार तक कैसे पहुंची, इसकी जानकारी पुलिस अब तक नहीं जुटा पाई है। पुलिस ने कोटा से कमल विहार पहुंच मार्ग के सीसीटीवी चेक करने की बात कह रही है। घटनास्थल के पास से पुलिस ने कॉल डंप एकत्र कर संदिग्धों से पूछताछ भी की है, लेकिन पुलिस को पूछताछ में कुछ हासिल नहीं हुआ।

### दर्द कम करने शराब पिलाई

बदमाशों के चंगुल में फंसा यश दर्द से कराह रहा था। दर्द कम करने बदमाशों ने यश को दर्द निवारक एंटीबायोटिक टेबलेट देने के साथ जबरन शराब पीने मजबूर कर रहे थे। 13 अक्टूबर को यश की हालत बिगड़ने लगी, तो बदमाश उसे उसके घर के पास छोड़कर भाग गए।

### न्याय के लिए महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा महिला विंग की महिलाओं ने शनिवार को घड़ी चौक स्थित डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। हत्या के संबंध में

आरोपियों को गिरफ्तार कर फास्ट्रेक कोर्ट के माध्यम से फांसी की सजा देने और पीड़ित परिवार को मुआवजा 20 लाख रुपए देने की मांग को लेकर किया गया। इस मौके पर गांड़ा महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल, सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने और परिवार के लिए 20 लाख मुआवजा तथा एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की।

### कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम

रायपुर पश्चिम पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की कोटा निवासी एक 19 वर्षीय युवती की संदिग्ध हत्या करने के बाद दरिंदों द्वारा शव को कमल विहार की झाड़ियों में फेंक दिया गया था, उसके परिवार को इंसाफ दिलाने शनिवार को आमानाका स्थित पं.



रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी गेट के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का विरोध किया गया। साथ ही कोटा, कुकुरबेड़ा, मोहबा बाजार निवासी महिलाओं सहित कांग्रेसजनों ने सरकार के विरोध में चक्काजाम भी किया। पूर्व विधायक श्री उपाध्याय ने घटना की सूचना मिलते ही सर्वप्रथम मृतका के परिजनों से मुलाकात की तथा इस पूरे प्रकरण को निर्भया कांड जैसा बताया।

## पेज 13 के शेष

### रात के सफर में...

रूट में जाने के लिए मात्र दो ट्रेनों की सुविधा है। रात के वक्त इस रूट में जाने यात्रियों को काफी इंतजार करना पड़ता है। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला सुबह 5 से 10 बजे तक नागपुर जाने के लिए 6 ट्रेन की सुविधा है, तो वही दोपहर से शाम 6 बजे तक 9 ट्रेन है। यह ट्रेन 1 से 2 घंटे के अंतराल में है। रात में 8 से 11 के बीच चार ट्रेनों की सुविधा है। इसके बाद 12 से सुबह 5 बजे के मध्य में एक ट्रेन नागपुर रूप में रायपुर से रवाना होती है। दूसरी ओर बिलासपुर जाने के लिए दिनभर में 30 ट्रेनों की सुविधा है, लेकिन रात में 12:25 के बाद सुबह 5:05 तक एक भी ट्रेन नहीं है।

### आंबेडकर अस्पताल को...

और आवश्यकता के अनुसार लोकल पर्चेस के माध्यम से की जाती है। सूत्रों का कहना है कि काफी समय से दवा कार्पोरेशन की सप्लाई नियमित नहीं है, वहीं खरीदी के लिए जेम पोर्टल की व्यवस्था किए जाने की वजह लोकल पर्चेस की प्रक्रिया भी जटिल हो चुकी है। इसका सीधा असर अस्पताल को मिलने वाली दवाओं पर पड़ रहा है। इसका बड़ा उदाहरण अस्पताल के भीतर ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए संचालित मिनी स्टोर है। जनवरी की खपत को ध्यान में रखते हुए यहां से करीब 140 तरह की दवाओं की सूची सेंट्रल स्टोर भेजी गई। वहां मौजूद स्टॉक के आधार पर महज दो दर्जन दवाएं ही यहां भेजी जा सकी, इनमें से कई दवाएं डिमांड के हिसाब से काफी कम हैं। खपत ज्यादा होने के बाद आने वाले दिनों में मिनी स्टोर में इन दवाओं का टोटा होने का अनुमान है।

### गणतंत्र दिवस समारोह...

जाता है। 19 से 26 जनवरी तक इंडिगो की दोपहर 12 बजे उड़ान भरकर 1.45 बजे रायपुर आने फ्लाइट और सुबह 6.35 बजे टेकऑफ होकर 8.20 बजे रायपुर आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट का संचालन नहीं किया जाएगा। दो उड़ान कम होने से दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वालों को किराया भी ज्यादा देना पड़ेगा।

### आम सूचना

(ग्राम- पचरी ... खुड़मुड़ी, प.ह.नं. 06, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 862/1-2 के संबंध में)

[illegible]

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 16.01.2025

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. श्री हिम्मत लाल साहू, 2. श्री कोमल राम साहू 3. श्री भुनेश्वर प्रसाद साहू, 4. श्री रामेश्वर प्रसाद साहू, 5 श्री जालेश्वर प्रसाद साहू, 6 श्रीमती तुलसी साहू सभी पिता स्व. श्री रामजी साहू सभी निवासी ग्राम धनेली, गिरौद, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.). वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा न. 194/2 रकबा 0.202 हे. अर्थात 50 डिसमिल भूमि है। जो वाके मौजा ग्राम धनेली, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं.- रायपुर-19-धनेली, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री) पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा । सो सूचना जाने।

दिनांक
स्थान- रायपुर

भवदीय
भावना साहू (अधिवक्ता)
पता- अमृत संदेश काम्पलेक्स, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 97136 38885

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. कैलाश यादव पिता स्व. श्री चैतराम यादव 2. श्रीमती कलसिया यादव पति स्व. श्री घनी राम यादव 3. बाबूलाल यादव पिता स्व. श्री चैतराम यादव 4. कोमल यादव पिता स्व. श्री चैतराम यादव 5 श्रीमती नुतन बाई यदु पति स्व. श्री यदु कुमार यादव सभी निवासी वार्ड नं. 14, साहरा चौक, धनेली- 1 (धनेली), गिरौद, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.). वाले की स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जिसका खसरा न 195/1, रकबा 0.3390 हे. अर्थात 85 डिसमिल भूमि है। जो वाके मौजा ग्राम धनेली, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं.- रायपुर- 19-धनेली, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) को क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि अदा कर दिया गया है अब केवल विक्रय विलेख (रजिस्ट्री ) पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था बैंक, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड प्राधिकरण, निगम आदि को किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करे एवं आम सूचना का खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा । सो सूचना जाने।

दिनांक-
स्थान- रायपुर

भवदीय
भावना साहू (अधिवक्ता)
पता- अमृत संदेश काम्पलेक्स, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 97136 38885

### आम सूचना

रायपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रं 32 के अंतर्गत भू-खण्ड क्रं. जे-94 खसरा नं. 117/2 एवं 136/1 का भाग रकबा 786 वर्गफुट में से 393 वर्गफुट भूमि एवं उस पर निर्मित तीन मंजिला दुकान (कॉर्नर को छोड़कर) जो कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि एवं उस पर निर्मित दुकान के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार के द्वारा कु.अनिता डेंगवानी पिता स्व. श्री जयरामदास डेंगवानी निवासी पंडरी देवेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की रायपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रं 32 के अंतर्गत भू-खण्ड क्रं. जे-94 खसरा नं. 117/2 एवं 136/1 का भाग रकबा 786 वर्गफुट में से 393 वर्गफुट भूमि एवं उस पर निर्मित तीन मंजिला दुकान (कॉर्नर को छोड़कर) जो कि ग्राम पंडरीतराई प.ह.नं. 109 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि एवं उस पर निर्मित दुकान को क्रय करने का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय, गैरशासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना के खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नही किया जायेगा। आम सूचना के खंडन हेतु पक्षकार को स्वयं या अपने नियुक्त अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में वैध दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर खंडन की सूचना दे सकता है। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जानें।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 18/01/2025

सिद्धार्थ डागा
राकेश महिलाने
(अधिवक्तागण)
डी-2 ग्राउण्ड फ्लोर बजरंग मार्केट, पुराना आर.डी.ए. बिल्डिंग तहसील आफिस के सामने, जी.ई.रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 98269-02911
मो.नं. 96913-60050

## खबर संक्षेप

### डर्माटोलॉजी सोसायटी के नए पदाधिकारी तय

रायपुर। आरआईडीएस यानी रायपुर डर्माटोलॉजी सोसायटी का गठन 2019 में हुआ। इसके तहत ही पूर्व अध्यक्ष डॉ. शैलेन्द्र सिंह और सामान्य सचिव डॉ. मनोज अग्रवाल ने नए पदाधिकारियों को नई चुनौतियों के बीच पत्रकार वार्ता ली। इसमें उन्होंने बताया कि सोसायटी डॉक्टर्स ही नहीं बल्कि हर वर्ग के स्वास्थ्य कि चिंता करता है। इसके लिए समय-समय पर सेमीनार के साथ शिविर भी लगाते हैं। इस परंपरा को नए अध्यक्ष डॉ. मनोज अग्रवाला, सचिव डॉ. अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. कर्तव्य कावड़िया, उपाध्यक्ष डॉ. उज्जवला वर्मा के साथ ही संयुक्त सचिव डॉ. मयंक सिन्हा और डॉ.गरिमा झा के साथ भी आगे बढ़ाएंगे। डॉक्टर्स मिलकर आगे भी जन स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए प्रयास करेंगे।

### डॉ. यशवंत को पीएचडी

रायपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर के दीक्षांत समारोह में डॉ. यशवंत कुमार रात्रे को बायोटेक्नोलॉजी में पीएचडी की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया। उनका शोध विषय कैंसर में ग्लूटामाइन मेटाबोलिज्म का अध्ययन और एंटी-कैंसर गतिविधि के लिए इसका मॉड्यूलेशन रहा, जो कैंसर उपचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने वाला है। इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही ऑल इंडिया टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास अतुल कोठारी, राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साहू, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल आदि शामिल थे।

### नाला निर्माण में धांधली की जांच कराने धरना दिया तो झूठे केस में फंसाया

रायपुर। इंदिरा नगर स्थित नाले की वजह से राजनांदगांव क्षेत्र की 40 फिसदी आबादी हर साल जलभराव की वजह से डूबान का हिस्सा बनती है, जबकि यह नाला 2018 के पहले 30 फीट चौड़ा और 10 फीट गहरा हुआ करता था। इसे बनवाने के लिए पूर्व में डॉ.रमन सिंह ने 30 करोड़ रुपए की मंजूरी दिलाई, इसके बाद बाहुबली लोगों ने निर्माण में धांधली करते हुए अधूरा निर्माण करवाते हुए अवैध तरीके से बसे लोगों को बचाने का काम किया। राजनांदगांव के बसंतपुर निवासी पूर्व पार्षद राजेश गुप्ता उर्फ चंपू और उनकी बेटी गीता गुप्ता ने मामले को लेकर शनिवार को पत्रकार वार्ता ली। इसमें बताया कि इस धांधली से लोगों को अभी जलभराव से निजात नहीं मिली। इसे देखते हुए मैंने धरना देते हुए शासन से जांच कराने और कार्रवाई की मांग की। इसके बाद महीनेभर के भीतर जुआ खेलने और खिलवाने के झूठे केस में फंसाया गया। क्राइम ब्रांच की टीम को जबरिया कार्रवाई के लिए भेजा गया। मेरे कार्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगा है, उसकी रिकार्डिंग में कई चीजें साफ होने वाली हैं। इसके साथ ही मुझे जितने भी झूठे केस में फंसाया गया।

### लखन बने घासी-घसिया समाज के प्रदेशाध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी, घसिया समाज का प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए वार्षिक चुनाव गत दिनों खारुन विहार फाफाडीह में हुआ। इस चुनाव में पांचों संभाग से घासी, घसिया समाज के वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए। इसी दौरान अध्यक्षों और पदाधिकारियों के मध्य सर्वसम्मति से लखन सागर को प्रदेशाध्यक्ष चुना गया। यह जानकारी समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष देवधन नायक ने देते हुए बताया कि बिहारी नायक, युवराज सेन्द्रे, शत्रुघन सोनी, नंदू, बालाराम सेन्द्रे, देवेंद्र नायक, रोहित सेन्द्रे, उशेष कुमार, कैलाश सोनी, सूरज बंछोर, विजयेंद्र भारती, कारजो सिंदूर, अशोक नायक, गणेश दुर्गा इत्यादि उपस्थित रहे।

### जंगल सफारी में बधिर अध्ययन समारोह

रायपुर। छत्तीसगढ़ रायपुर वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ द डेफ द्वारा बधिर अध्ययन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन बधिर समुदाय के सदस्यों को एक साथ लाने का प्रयास है, जो सामाजिककरण, खेल, मनोरंजन और समावेश को बढ़ावा देता है। संस्था के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलेश सिंह कुशवाहा, उपाध्यक्ष अविनाश अग्रवाल, महासचिव खुशाल चंद बाग, कोषाध्यक्ष गुलाम मोहसिन, संयुक्त सचिव घनश्याम जायसवाल, सचिव पीयूष गोयल, तीन कार्यकारी सदस्यों मिथिलेश देवांगन, राजकुमार वर्मा एवं फूलसाय साहू ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह अध्ययन कार्यक्रम जंगल सफारी नवा रायपुर में रखा गया। जहां सफारी के निदेशक और कर्मचारियों का सहयोग मिला।

# टेरिटरी की तलाश में कान्हा का टाइगर कवर्धा के रास्ते पहुंचा बेमेतरा-साजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**जंगल विहीन क्षेत्र में पहुंचने की वजह से वन विभाग के साथ प्रशासन की टीम सुरक्षा में जुटी**

देश में टाइगर स्टेट के रूप में स्थापित मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिवर्ज के बाघ सुरक्षित टेरिटरी की तलाश में लगातार छत्तीसगढ़ में अपनी दस्तक दे रहे हैं। कान्हा टाइगर रिजर्व के एक और टाइगर टेरिटरी की तलाश में भोरमदेव के रास्ते इन दिनों बेमेतरा के साजा में पहुंच गया है। टाइगर जिस क्षेत्र में पहुंचा है, वह इलाका जंगल विहीन है। ऐसे में बाघ की सुरक्षा को लेकर दुर्ग वनमंडल के साथ स्थानीय प्रशासन सुरक्षा में जुट गया है।

दुर्ग डीएफओ जी. चंद्रशेखर परदेशी के अनुसार साजा में पहुंचा बाघ भोरमदेव के रास्ते साजा में पहुंचा है। क्षेत्र में बाघ आने की पुष्टि होने की बाद साजा के अलावा बाघ के संभावित मूवमेंट स्थानों को चिन्हांकित कर गांवों में मुनादी कराई जा रही है। बाघ तथा ग्रामीणों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन के साथ वन विभाग की टीम बाघ के मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं। वन अफसरों को जानकारी मिली है कि बाघ 50 एकड़ में फैले किसी गन्ने के खेत में घुस गया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए पूरे इलाके को सेनेटाइज कर वन विभाग तथा स्थानीय प्रशासन की टीम ने सर्चिंग की, लेकिन बाघ की वहां मौजूदगी नहीं मिली। बाघ गन्ने के खेत से जा चुका था।

#### ड्रोन से निगरानी

साजा तथा आस-पास के जिन इलाकों में बाघ का मूवमेंट देखा गया था। उन इलाकों में बाघ की जानकारी जुटाने ड्रोन कैमरे भी लगाए गए। आस-पास खेत तथा पेड़ होने की वजह से बाघ ड्रोन कैमरे में कैद नहीं हो पाया। वन विभाग तथा स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि बाघ किसी पालतू मवेशी का शिकार करता है, तो ग्रामीण बाघ को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएं। मवेशी के शिकार होने की स्थिति में मुआवजा देने का वन विभाग के अफसरों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।



#### गंडई के रास्ते महाराष्ट्र में दाखिल

वन अफसर के अनुसार बाघ के साजा से निकलकर गंडई के रास्ते महाराष्ट्र स्थित सालेकसा, गोंदिया के रास्ते नवेगांव-नागझिरा के जंगल से सटे जंगल में प्रवेश करने की संभावना है। बाघ के महाराष्ट्र में पहुंचने के बाद तड़ोबा टाइगर रिजर्व पहुंचने की संभावना है। महाराष्ट्र के जंगल में दाखिल होने के बाद बाघ अपने लिए स्वयं रास्ता तय कर आगे बढ़ जाएगा।

## क्षतिग्रस्त हुए राइजिंग पाइप लाइन को सुधारने का काम दोबारा शुरू

# तीन दिन से संतोषीनगर सहित आधा दर्जन वार्डों में पानी के लिए तरस रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा पुलिस थाना के पास निर्मित पानी टंकी की मुख्य राइजिंग पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण करीब आधा दर्जन वार्डों में 3 दिन से पानी की सप्लाई प्रभावित है, जिसके कारण वार्ड वासियों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। हालांकि नगर निगम वार्डवासियों को पानी टेंकरों के माध्यम से पानी की सप्लाई कर रही है, पर इससे लोगों को ज्यादा राहत मिल नहीं रही है, क्योंकि टेंकरों से लोगों को खपत के अनुसार पानी मिल नहीं पा रहा है। टेंकर से पानी लेने के लिए भी उन्हें जद्दोजहद करनी पड़ रही हैं। टेंकरों के आने का इंतजार करने से लेकर कतार में खड़े होकर पानी लेने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है, जिसके कारण लोगों में निगम अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है।

शहर के छत्तीसगढ़ नगर, धरमनगर, सुभाष नगर, संजय नगर, संतोषी नगर, टिकरापारा सहित करीब आधा दर्जन वार्ड में रहने वाले लोगों को पिछले तीन दिन से निगम का पानी मिल नहीं रहा है। इसका कारण टिकरापारा थाना के पास निर्मित पानी टंकी के मुख्य राइजिंग पाइप लाइन कनेक्शन का आउटलेट क्षतिग्रस्त होना है। आउटलेट पूरी तरह से सड़ चुका था, जिसके कारण वह फट गया। आउटलेट के फटने से पानी की सप्लाई भी 16 जनवरी से इन वार्डों में प्रभावित है।

बताया गया कि इस आउटलेट को बदलने के लिए 16 जनवरी की शाम से काम चल रहा है। यह काम 17 जनवरी को रात करीब 12 बजे से पहले पूर्ण भी कर लिया गया था, लेकिन उसके बाद जब टंकी में पानी भरने का काम शुरू किया। उसी दौरान मुख्य राइजिंग पाइप लाइन का एक हिस्सा फट गया, जिसके बाद अब इस क्षतिग्रस्त पाइप को बदलने का काम किया जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

#### सालों पुरानी पाइप लाइन सड़क चुकी है, बदलने की आवश्यकता

निगम के अधिकारियों का कहना है कि राइजिंग पाइप लाइन सालों पुरानी है। इस कारण जंग खाने के कारण अब यह फटने लगी है। इस पाइप लाइन को बदलने की जरूरत है। सूत्रों के अनुसार राइजिंग पाइप लाइन में आउटलेट को बदलने के दौरान पाइप में क्रेक आ गया था, लेकिन इसके बाद भी इसे बदला नहीं जा रहा था, लेकिन जब पानी टंकी में चढ़ाने का काम शुरू किया तो इस पाइप से पानी लीकेज होने लगा। थोड़ी देर में पाइप फट गया। इसके बाद क्रेक हो चुके पाइप को काटकर दूसरा पाइप लगाया जा रहा है।

#### क्रेक पाइप हटाकर नया पाइप लगा रहे

पहले राइजिंग पाइप लाइन का आउटलेट क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसे बदलने के बाद पाइप क्रेक हो गया। क्रेक पाइप को काटकर उसकी जगह नया पाइप लगाया जा रहा है। देर रात तक काम कम्पलीट हो जाएगा। आज सुबह से पानी की सप्लाई शुरू हो जाएगी।

*- रमेश जायसवाल*
*कमिश्नर जोन-6 नगर निगम रायपुर*

# रेलवे ठेकेदार के ठिकानों पर जांच जारी, शेल कंपनी, शेयर और प्रॉपर्टी के मिले दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयकर विभाग की जांच में रेलवे का ठेकेदार करोड़ों का आसामी निकला है। आयकर अधिकारियों ने छापेमारी की जांच दूसरे दिन भी जारी रखी। टीम ठेकेदार के 5 ठिकानों पर जांच कर रही है। इस जांच में शेल कंपनी, शेयर, निवेश के पेपर, प्रॉपर्टी, कैश लेनदेन के दस्तावेज और 3 बैंकों में लाकर मिले हैं। इसके अलावा बैंकों से ट्रांजेक्शन, फिक्स डिपॉजिट, लॉकर के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

- आयकर विभाग ने दूसरे दिन 5 ठिकानों पर की जांच

आयकर अधिकारी फिलहाल करोड़ों रुपए की मिली चल-अचल संपत्ति के बारे में ठेकेदार सहित उसके परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। आयकर विभाग की ओडिशा और छत्तीसगढ़ की संयुक्त टीम ने जांच के दूसरे दिन शनिवार को रेलवे ठेकेदार के रायपुर और रायगढ़ स्थित 5 ठिकानों पर छापा मारा। इन सभी ठिकानों से मिले दस्तावेजों के आधार पर जांच की जा रही है। इस दौरान इन ठिकानों से चल-अचल संपत्तियों के कई दस्तावेज मिले हैं। इन दस्तावेजों के आधार विभाग आगे की जांच कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि ठेकेदार मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला है। ठेकेदार के भाई का रायपुर में ऑलीशान बंगला, दफ्तर, महंगी कार के अलावा बंगलों में बेशकीमती सामान भी है। सभी को जांच के दायरे में लिया गया है। इसके अलावा रायगढ़ स्थित आवास और दफ्तर में ज्यादा गड़बड़ी मिली है। इसे देखते हुए ओडिशा से अतिरिक्त टीम को बुलवाया गया है, जो जांच कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि आयकर की जांच रविवार को भी जारी रहेगी।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब लिक्विड सावधि जमा की शुरुआत की

रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी नई योजना 'बॉब लिक्विड सावधि जमा' लॉन्च की है, जो पारंपरिक सावधि जमा से अलग है। यह योजना ग्राहकों को आंशिक रूप से राशि निकालने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे वे बिना पूरी एफडी को बंद किए अपने आकस्मिक खर्चों को पूरा कर सकते हैं। इस योजना में जमा राशि पर सुनिश्चित रिटर्न मिलता है और आंशिक आहरण पर पूर्व-भुगतान जुर्माना केवल निकाली गई राशि पर होता है, न कि पूरी जमा राशि पर। बॉब लिक्विड सावधि जमा 5000 रुपए से शुरू होकर 12 से 60 महीने की अवधि तक उपलब्ध है। यह डिजिटल चैनलों और शाखाओं के माध्यम से आसानी से खोला जा सकता है। विशेष रूप से 5 लाख तक की सावधि जमा पर, यदि अवधि 12 महीने से अधिक हो तो पूर्व-भुगतान जुर्माना नहीं लगाया जाता। यह योजना उन ग्राहकों के लिए आदर्श है, जो उच्च रिटर्न और लिक्विडिटी दोनों चाहते हैं।

### राष्ट्रीय स्टील एवं पॉवर एवं इलेक्ट्रिक एक्सपो आज से

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 19 से 22 जनवरी तक आयोजित 14वां राष्ट्रीय एक्सपो (स्टील एवं पॉवर) एवं रायपुर इलेक्ट्रिक एक्सपो उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित होने जा रहा है। यह आयोजन श्रीराम बिजनेस पार्क, विधानसभा रोड रायपुर में होगा और इसका उद्देश्य उद्योग के नवीनतम रुझानों, स्वचालन और उन्नति को प्रदर्शित करना है। इस एक्सपो में औद्योगिक स्वचालन, मशीन टूल्स, बिजली उपकरण, सुरक्षा उत्पाद और अन्य औद्योगिक उत्पादों की 10 हजार से अधिक इकाईयां प्रदर्शित की जाएंगी, जिनका कुल मूल्य 50 करोड़ रुपए से अधिक हो सकता है। प्रदर्शकों में देशभर से 150 से अधिक उद्योग जगत के प्रमुख नाम होंगे और इस आयोजन के माध्यम से नए व्यापारिक अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित इस एक्सपो में 100% तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। एक्सपो को उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन रायपुर द्वारा समर्थित किया गया है। प्रवेश निशुल्क है और यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।

### ऑटो एक्सपो में वाहनों की बिक्री ने तोड़ा रिकॉर्ड, 2613 वाहन बिके

रायपुर। साइंस कॉलेज मैदान में राडा द्वारा आयोजित ऑटो एक्सपो शनिवार को शासकीय अवकाश के चलते गुलजार रहा। वाहनों की बिक्री की रफ्तार ने उम्मीदों को पार कर दिया। औसतन प्रतिदिन 1000 से अधिक वाहनों की बिक्री हुई। पहले दिन 1550 वाहनों की बिक्री हुई थी, जबकि दूसरे दिन 1157 वाहन बिके। कुल मिलाकर दो दिनों में 2613 वाहनों की बिक्री हुई है, जिससे सरकारी खजाने में 100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पहुंची, क्योंकि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री पर 28 प्रतिशत जीएसटी देय है। ऑटो एक्सपो में राज्य सरकार द्वारा दिए गए आजीवन रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट से आरटीओ को भी अच्छा-खासा फायदा हुआ और ग्राहकों को कुल 13 करोड़ रुपए की छूट मिली। इससे यह एक्सपो सरकार, डीलर्स और कस्टमर्स के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया ने एक्सपो के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार तथा ग्राहकों का आभार जताया।

### रात की तुलना में दिन का तापमान दोगुना

रायपुर। राजधानी में रात की तुलना में दिन का तापमान अब दोगुना हो चुका है। इसके प्रभाव से ठंड सुबह के वक्त सिमट गई है। दिन चढ़ते ही गर्मी महसूस हो रही है। शुष्क हवा का प्रभाव बढ़ने से अगले दो दिन सरगुजा इलाके में कोहरा रहने और बस्तर में ठंड बढ़ने की संभावना बन रही है। मकर संक्रांति के बाद दिन की लंबाई धीमे-धीमे बढ़ रही है मगर ठंड अभी बरकरार है। इसमें कमी अथवा अधिकता सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ पर निर्भर है। पिछले चौबीस घंटे में उत्तरी हिस्से में अच्छी और मध्य हिस्से में ठंड की स्थिति सामान्य रहीं। राजधानी में रात का तापमान 15 डिग्री रहा जिससे सुबह के वक्त हल्की ठंड का अहसास हुआ। दिन चढ़ने के बाद तापमान बढ़कर 30 डिग्री तक पहुंचा और मौसम में गर्माहट महसूस हुई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब वातावरण में उत्तर-पूर्व की शुष्क हवाओं की अधिकता बढ़ेगी। इसके असर से बस्तर के जिलों में तापमान में गिरावट होने से ठंड बढ़ने की संभावना है।

# पारिवारिक रंजिश में पति ने की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पारिवारिक रंजिश के चलते पति ने अपनी पत्नी के सिर पर सीमेंट की बाल्टी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद आरोपी पति फरार है। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के कमल विहार में शनिवार की है। दंपति यहां कमल विहार में मजदूरी करने आया था। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम पहुंचकर जांच में जुट गई है।

- घटना के बाद आरोपी पति फरार

महासमुंद, चिरकु पटेवा निवासी गजेंद्र यादव अपनी पत्नी हेमलता तथा अपने एक छोटे भाई के साथ मजदूरी करने डेढ़ वर्ष पूर्व कमल विहार में आया हुआ था। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पति-पत्नी आज पूरे दिन गुमसुम थे और एक दूसरे के साथ बातचीत नहीं कर रहे थे। शाम के समय किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद के दौरान गजेंद्र ने सीमेंट से भरी बाल्टी हेमलता के सिर पर मार दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से हेमलता की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी की हत्या करने के बाद गजेंद्र ने अपने छोटे भाई को उसकी भाभी की हत्या करने की जानकारी देने के बाद मौके से फरार हो गया। गजेंद्र के छोटे भाई ने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# अध्यादेश में ओबीसी आरक्षण शून्य होने से रोष काठमांडू में करेंगे मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोगों में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए पारित अध्यादेश को लेकर रोष है। इसको लेकर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, उपाध्यक्ष परसु राम सोनी, दिनेश यदु व हेमंत साहू ने कहा कि अध्यादेश के प्रावधानों से अधिकतर जगह पर ओबीसी आरक्षण में कटौती की गई है। इससे कई क्षेत्र में आरक्षण शून्य होने से आक्रोश पनप रहा है। फरवरी में काठमांडू में होने वाले सम्मेलन में इसको लेकर मंथन करेंगे।

- ओबीसी महासभा ने पत्रकार वार्ता में रखी अपनी मांग

ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने आगे बताया कि इस संबंध में 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री, विधि विधायी मंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष को ज्ञापन सौंपा था। 29 दिसंबर को धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा गया और 30 दिसंबर को बस्तर संभाग में चक्का जाम की स्थिति बनी। अभी तक धरना प्रदर्शन का क्रम थमा नहीं है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ङ) के उप धारा 3 को पारित अध्यादेश में विलोपित किया जाने से अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण शून्य हो गया है। इससे ओबीसी समाज आहत है। संविधान के अनुच्छेद 16 (4) में उचित आरक्षण का प्रावधान एवं 50% की सीमा निर्धारित नहीं है। जबकि उच्चतम न्यायालय के निर्णय में यह सिद्धांत प्रतिपादित है कि किसी क्षेत्र में निवासरत दूरस्थ क्षेत्र के व्यक्तियों की विशेष परिस्थितियों को देखते हुए 50% अधिकतम सीमा को शिथिल करके सीमा बढ़ाई जा सकती है। हम मांग करते हैं कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी आरक्षण में बढ़ोतरी नहीं हो सकती, तो कम भी तो न करें।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

आवेदन आमंत्रित
पाँच (5) घंटे पन्द्रह हजार (15000)
अपने शहर अपने वार्ड के लिए रहे तैयार।
- स्वयं का वाहन होना चाहिए।
- 12वीं से स्नातक की शिक्षा।
- आवेदक आधार कार्ड, अंक सूची की छायाप्रति के साथ बायोडाटा जमा करें।
- किस जिले, शहर, वार्ड में कार्य करना चाहते है आवेदन में दर्शाएं।
- मासिक वेतन का भुगतान बैंक खाते में दिया जायेगा, बैंक खाता होना अनिवार्य है।
आवेदन करें
हरिभूमि कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर, मो. 9827555678

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 19 जनवरी 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

दूल्हे के लिए जोधपुर, जयपुर और दिल्ली ...

## एजूकेशन अपडेट

### रसायन अनुसंधान संस्थान में साइंटिस्ट पदों पर भर्ती, पीएचडी अनिवार्य

**रायपुर।** वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत केंद्रीय नमक व समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान में साइंटिस्ट पदों पर भर्ती निकाली गई है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, निर्धारित अंतिम तिथि 5 फरवरी 2025 तक है। जो अभ्यर्थी इस भर्ती के लिए पात्रता पूरी करते हैं, वे तय तिथि के अंदर ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट csm-cri.res.in पर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। फॉर्म केवल ऑनलाइन ही भरा जा सकता है, अन्य किसी भी प्रकार से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस भर्ती में भाग लेने के लिए उम्मीदवार का पदानुसार एमई/ एमटेक/ संबंधित क्षेत्र में पीएचडी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही अभ्यर्थी की अधिकतम आयु 32 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ऊपरी उम्र में आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

#### इस तरह कर सकते हैं आवेदन

फॉर्म भरने के लिए सबसे पहले आधिकारिक **Opportunities** पर जाकर भर्ती से संबंधित अप्लाई लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद नए पेज पर पहले रजिस्टर बटन पर क्लिक करके पंजीकरण कर लें। इसके बाद अन्य डिटेल भरकर फॉर्म को पूरा करें। फोटोग्राफ, सिग्नेचर अपलोड करें। इसके बाद निर्धारित शुल्क जमा करें और फॉर्म को सबमिट कर दें। अंत में पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रख लें। इस भर्ती में आवेदन के साथ जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं अन्य उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपए का भुगतान करना होगा।

## लाइव इवेंट

### आधुनिक मशीनों से पुनर्वास की तकनीक की दी जानकारी

**रायपुर।** शासकीय फिजियोथेरेपी महाविद्यालय में छात्रों को समाज कल्याण परिसर का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं सेरिब्रल पालसी गेट लैब परिसर का जायजा छात्रों ने लिया। इस दौरान 48 छात्रों को आधुनिक मशीनों से पुनर्वास की तकनीकों से अवगत कराया गया। भ्रमण में विभिन्न प्रकार के व्हीलचेयर की जानकारी दी गई, जिसके निर्माण कार्य से लेकर कार्य करने की तरीकों को बताया गया है।

#### फिजियोथेरेपिस्ट के नए उपकरण

विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन मेजरमेंट, अनवेदिंग हार्नेस, रोबोटिक हैंड थेरेपी, डायनामिक स्टेयरकेस जैसे कई आधुनिक उपकरणों की जानकारी रही। इस संबंध में प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। भ्रमण के दौरान सेंसर एवं कैमरे द्वारा व्यक्ति के चलने के तरीके का सूक्ष्म विश्लेषण कंप्यूटर द्वारा प्रकाशित की गई। इसका प्रयोग गेट एनालिसिस में किया जाता है, जो सेरिब्रल पालसी, स्ट्रोक जैसे कई मामलों में परीक्षण में काम आता है। फिजियोथेरेपिस्ट के नवीन उपकरणों से बेहतर उपचार को जानने का मौका मिला, साथ ही नवीन योजनाओं के प्रयोग से लोगों के उपचार में सरलता को भी जाना।

## सिटी इवेंट

### देश में अस्पताल प्रबंधन में रोजगार की व्यापक संभावनाएं

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा अस्पताल प्रबंधन और विकसित भारत 2047 विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजय सहाय ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में अस्पताल प्रबंधन में रोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अच्छे अस्पताल प्रबंधक तैयार करने होंगे। अस्पताल की विश्वसनीयता उसमें काम करने वाले चिकित्सक और प्रबंधकीय टीम से होती है। अस्पताल में प्रबंधक का कार्य है कि वह मरीजों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराए।

#### अस्पताल प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से बढ़ा रुझान

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन के क्षेत्र में विद्यार्थियों का तेजी से रुझान बढ़ा है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के क्षेत्र में हो रहे कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल प्रबंधन के क्षेत्र में पेशेवर प्रबंधकों की मांग बढ़ी है। इस अवसर पर समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र शर्मा ने कहा कि आदमी की आज पहली आवश्यकता स्वास्थ्य है। इसलिए स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच प्रत्येक व्यक्ति तक सरलता से होनी चाहिए। कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, देवेंद्र कश्यप, कृति शर्मा, जीवन ज्योति सिंह, अदिति नामदेव, चंद्रेश चौधरी सहित प्रबंधन विभाग के विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

### हृदय रोग विशेषज्ञों ने कहा : डायबिटीज के मरीजों को हो रही हार्ट अटैक की समस्या

# 10 साल के बच्चों को भी ज्यादा हार्ट अटैक, इससे बचने बचपन से ही फिजिकल एक्टिविटी जरूरी

**अनियमित खानपान और जीवनशैली ने लोगों के शरीर में गंभीर रोगों की शिकायत बढ़ा दी है। पहले 40 साल के बाद लोगों में हार्ट अटैक की समस्या आती थी, लेकिन अब 18 साल से युवाओं को भी अटैक आ सकता है। इसका मुख्य कारण डायबिटीज है। यह कहना देश के मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ चिकित्सों का है, जिन्होंने शनिवार को कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की छत्तीसगढ़ में 5वीं वार्षिक कांफ्रेंस में विस्तार से जानकारी दी।**

**रायपुर।** व्यक्ति का खानपान, फिजिकल एक्टिविटी का कम होना, शुगर, ब्लड प्रेशर हृदय संबंधित गंभीर बीमारियों का कारण बन चुका है। ऐसे में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम और खानपान की व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता है। इस दौरान कार्डियोलॉजी सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. एसएस मोहंती, सेक्रेटरी डॉ. निखिल मोतीरमानी, नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. पीसी रथ शामिल हुए। जिन्होंने हृदय रोग संबंधित नवीन उपचार पर चर्चा की है।

#### स्तनपान के दौरान शरीर नीला पड़ना सामान्य नहीं

किसी भी उम्र में हृदय रोग की समस्या हो सकती है, ऐसे में नवजात बच्चों को भी यह समस्या देखी जाती है। कुछ माह के बच्चों को भी हृदय संबंधित बीमारी होने लगी हैं, ऐसे में परिजन तीन महत्वपूर्ण लक्षण याद रखें। पहला, स्तनपान कराते वक्त बच्चे का शरीर नीला पड़ना, दूसरा, सोने के बाद बिस्तर भीगना और तीसरा, पसीना अधिक आना लक्षणों में शामिल है।

#### ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल के लिए इंजेक्शन

डॉ. आलोक ने बताया, साल में एक बार सभी व्यक्ति कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर कराएं। इसमें एलडीएल का संतुलन होना शरीर के लिए फायदेमंद है। ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को संतुलन में रखने के लिए अस्पतालों में इंजेक्शन आने वाला है, जिसका प्रयोग साल में दो बार करना होगा। इससे शरीर में ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को संतुलन में रखा जा सकता है।

#### हार्ट ट्रांसप्लांट राजधानी में संभव नहीं

डॉ. निखिल ने बताया, हृदय रोग से संबंधित विभिन्न उपचार राजधानी में संभव है। ऐसे में एंजियोप्लास्टी, नसों का अल्ट्रासाउंड, कैल्शियम की मात्रा को मापने की जांच के लिए नवीन तकनीकों का प्रयोग किया जाता है। हृदय रोग से संबंधित केवल हार्ट ट्रांसप्लांट का उपचार राजधानी में संभव नहीं है, इसका उपचार दिल्ली में किया जाता है। हृदय रोग से बचने के लिए शरीर में होने वाले बदलाव पर ध्यान दें, ऐसा करने से समय रहते इलाज कराजा जा सकता है।

#### शुगर हार्ट अटैक का मुख्य कारण

डॉ. आलोक राय ने बताया, निजी संस्थानों में हृदय रोग संबंधित इलाज में हजारों लाखों रुपए लगते हैं, लेकिन नवीन तकनीक की मदद से अब दवा से भी बड़ी समस्याओं का हल निकाला जा रहा है। व्यक्ति का नियमित खानपान, व्यायाम न करना बड़ी बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। भारत में 50 प्रतिशत लोगों को शुगर की समस्या है, जो हार्ट अटैक का एक मुख्य कारण बन गया है। इन दिनों डायबिटीज से हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

#### नवीन तकनीक एवं दवाओं से मरीजों का उपचार

डॉ. रिमत श्रीवास्तव ने बताया, सरकारी संस्थानों में हृदय रोग संबंधित दवाई और नवीन तकनीक मौजूद है, जिससे लोगों का निशुल्क ही इलाज सरकारी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। सरकारी संस्थानों में ब्लडप्रेशर, डायबिटीज के साथ वजन कम करने का इंजेक्शन, कोलेस्ट्रॉल को न्यूनतम लेवर पर पहुंचाने की दवाई की व्यवस्था भी होने वाली है। साथ ही हृदय की समस्या होने पर बिना दर्द के ही उपचार करने की योजना तैयार की जा रही है। आने वाले लगभग एक साल के भीतर नवीन तकनीक और दवाईयों से लोगों का उपचार शुरू कर दिया जाएगा।

#### नई तकनीक से उपचार सरल

डॉ. विशाल रस्तोगी ने बताया, इन दिनों बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को हार्ट-अटैक की समस्या देखी जा रही हैं। हृदय संबंधित कठिन परिस्थितियों में उपचार के विभिन्न नई तकनीक रायपुर के अस्पतालों में उपलब्ध है। इसमें एक्सपों मशीन (सांस लेने में मददगार), इम्पेला डिवाइज और आईएबीपी (मरीजों में रक्तप्रवाह को बढ़ाने में उपयोग किया जाता है) यह तीन सबसे सफल उपकरणों में शामिल हैं, जिसका उपयोग हृदय संबंधित समस्या होने पर किया जाता है। हार्ट अटैक की समस्या होने पर व्यक्तियों को 'कार्डियोजेनिक शॉक' जैसी गंभीर समस्या होती है, जिसका मुख्य लक्षण शरीर में ऑक्सीजन की कमी और मस्तिष्क व शरीर के अंग में रक्त की कमी से हो सकता है। वर्तमान में 50 प्रतिशत लोगों को हृदय संबंधी समस्याएं हो रही हैं।

#### शुगर, ब्लडप्रेशर, स्मोकिंग हृदय रोग का मुख्य कारण

डॉ. एसएस मोहंती ने बताया, हृदय रोग की समस्या 10 साल की उम्र से देखी जा रही है। इसका मुख्य कारण शुगर, ब्लडप्रेशर, स्मोकिंग और फिजिकल एक्टिविटी की कमी है। बचपन से ही फिजिकल एक्टिविटी बेहतर बनाकर चलें, जिससे आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। क्रांफ्रेंस में चार सौ से अधिक चिकित्सक शामिल हुए, जिनमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों के लिए विभिन्न अनुभवी चिकित्सकों की मौजूदगी है।

#### हार्ट अटैक होने पर ये तीन काम करें

डॉ. मोहंती ने बताया, हार्ट अटैक की स्थिति में अगर अस्पताल दूर हो तो तीन महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखें। पहला, खून पतला करने के लिए डिस्प्रिन की गोली मरीज को दें। दूसरा, मरीज को सीपीआर देने का प्रयास करें। तीसरा, मरीज से लंबी-लंबी सांस लेने को कहते रहें, ये सामान्य उपाय हैं, जिससे मरीज को अस्पताल पहुंचने तक मदद मिल सकती है।

# धर्म केवल रस्मो-रिवाज तक सीमित नहीं हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा भी है

**रायपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय अमलीडीह में 'वीर बाल दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीर बालकों को याद करते हुए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संबोधन में प्रतिभागियों ने कहा, वीर बाल दिवस हमें साहस और बलिदान की कहानी याद दिलाता है। साहिबजादों ने अपनी जान की बाजी लगाकर धर्म के लिए निष्ठा का परिचय दिया था। धर्म केवल रस्मो-रिवाज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। साहिबजादे जोरावर सिंहजी और फतेह सिंहजी का बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज हो चुका है।

#### भाषण प्रतियोगिता में अंतोनिया अव्वल

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंतोनिया बीए और द्वितीय सागर विश्वकर्मा बीसीए के साहिल किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंहजी के साहिबजादों के बलिदान को याद किया जाता है। 2-3 घंटे तक चली भाषण प्रतियोगिता में 20 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ. अनुरोध बनौदे, नम्रता ध्रुव, डॉ. प्रीता लाल शामिल रहे।

# 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन में एम्स के 11 विद्यार्थियों का चयन

**रायपुर।** स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सेवा के बीच एक सशक्त संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से चिकित्सा संस्थानों के विद्यार्थियों को एनसीसी में शामिल किया जाता है। इस वर्ष राजधानी स्थित एम्स के 11 विद्यार्थियों का चयन एनसीसी कैडेट्स के रूप में किया गया। एमबीबीएस और बीएससी नर्सिंग विभाग से 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन के लिए छात्रों का चयन उनकी गुणवत्ता के आधार पर किया गया है।

#### 71 आवेदन, 11 का चयन

*समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अशोक सिंदल और ब्रिगेडियर डीके पात्रा रहे, जिन्होंने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, एनसीसी छात्रों में अनुशासन और नेतृत्व के गुण विकसित करता है, जिससे वह समाज और राष्ट्र की सेवा समर्पण भाव से करते हैं। छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. कृष्णदत्त चावली ने बताया, 71 छात्रों ने एनसीसी भर्ती के लिए आवेदन दिया था, जिसके बाद केवल 11 छात्रों का चयन किया गया, इसमें 6 नर्सिंग और 5 एमबीबीएस के विद्यार्थी हैं।*

### महाराष्ट्रीयन तेली समाज के वार्षिक सम्मेलन के पहले दिन युवाओं ने निभाई भागीदारी

# शिव अवतार पर बच्चों का तांडव, बस्तरिया गीतों की रही धूम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अश्वनी नगर स्थित महाराष्ट्रीयन तेली समाज के भवन में स्कूली छात्र-छात्राओं ने दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं हल्दी कुंकुम की श्रृंखला में पहले दिन शनिवार को दिनभर जहां खेल प्रतियोगिता में भाग लिया, वहीं शाम 6 से 8 बजे के बीच सांस्कृतिक मंच पर शिव तांडव के साथ ही शिवजी बिहाने चले..., इसके बाद बुमरो बुमरो श्याम रंग..., जैसे गीतों के अलावा रीमिक्स व मराठी गीतों पर धूम मचाते हुए समाज के लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। इसका लुत्फ उठाने के लिए जहां लोग मौजूद थे, वहीं इनकी प्रस्तुति को अंक देने के लिए निर्णायक भी टकटकी जमाए हर भाव-भंगिमा पर पैनी नजर जमाए सामने बैठे थे। इन सब से बेखबर स्कूली छात्र-छात्राओं ने सामाजिक उत्सव में रंग जमाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

#### नृत्य प्रतियोगिता भी

इससे पहले सुबह 10 बजे समाजजनों ने श्री संत संताजी जगनाडे महाराज के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आगाज किया। साथ ही बैडमिंटन, कैरम, रंगोली, सामान्य ज्ञान, गायन, छोटे बच्चों के बीच नृत्य प्रतियोगिता भी हुई। इस क्रम में शाम को सजाए गए मंच पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत से सजी महफिल में अपनी अलग छाप छोड़ने का भी भरसक प्रयास किया। विजय बंजारी ने बताया कि इसमें जो विजेता चुने जाएंगे, उन्हें समाज के बीच ही रविवार को सम्मानित किया जाएगा।

#### वेस्ट से बनाए बेस्ट आयटम

इस श्रृंखला में वेस्ट से बेस्ट आयटम बनाने का प्रयास वेदांत तलमले ने करते हुए खराब टायर का यूज करते हुए कछुआ बनाया। वहीं छात्रा भावी ने तेल डालने की खराब सामग्री का उपयोग करते हुए लैम्प तैयार किया, जिसे आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। इस तरह का पहला प्रयास सामाजिक आयोजन में किया गया। इससे समाज के युवाओं को खराब सामग्री का उपयोग करके उसे दोबारा काम में लाने की कला सिखने में रुचि बढ़ी है। छात्र-छात्राओं ने इसके लिए आगे भी प्रयास करने की बात कही।

## धर्म लाइव

# परमात्मा रोज सुबह 4 बजे सभी जीवों को जगाकर देते हैं जीवनदान

**रायपुर।** ग्राम सड्डू में श्रीमद भागवत महापुराण में भागवताचार्य पं. रूपेश पचौरी मधुर स्वर संगीत से लोगों को प्रेरक बातें बता रहे हैं। इस दौरान शनिवार को श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह में साहू परिवार सहित सारे भक्तजन बराती बनकर थिरकते हुए नजर आए। विवाह उपरांत भागवताचार्य ने कहा कि परमपिता परमात्मा प्रभु श्रीरामचंद्र ही प्रतिदिन सुबह 5 बजे सभी जीवों को जगाते हैं, जो जीव सुबह 4 बजे प्रभु श्री रामचंद्रजी के जगाने से जग जाते हैं, वे जीव जगने से पहले प्रभु के दर्शन प्राप्त कर लेते हैं।

### कुछ जीव उल्लू के समान जागते हैं रातभर

कुछ जीव उल्लू के समान रातभर जागते हैं। सुबह 4 बजे सोते हैं और 10-11 बजे तक सोते हैं। वैसे जीव प्राणी को दैयत-दानव लात मारकर उठाते हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण रुक्मिणी भरतलाल साहू परिवार के बड़े बेटे-बहू उषा प्रकाशचंद्र, नंदनी उमेश साहू के भक्तिभाव से अपने पूर्वज स्व. देवमति नंदा साहू, स्व. मथुरा मैय्यालाल साहू की स्मृति में आयोजित की गई है।

## सिटी लाइव

# वर्तमान में सभी सुविधाएं होने के बाद भी चिंता में हैं लोग

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान संस्था के संस्थापक को याद करते हुए उनके आदर्श एवं जीवन संबंधित विचारों पर व्याख्यान दिया गया। शनिवार को राजधानी स्थित विश्वविद्यालय परिसर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। वर्तमान में विश्वविद्यालय की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने ब्रह्मा बाबा का जीवन परिचय साझा किया। कहा, ब्रह्मा बाबा ने अपने सर्वस्व प्रभु अर्पण के ईश्वरीय निर्देश का पालन किया है। उन्होंने परमात्मा द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर समाज को एक नई दिशा दी। नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य किया, इसमें महिलाओं की नैतिक और आध्यात्मिक शक्तियों को सामने लाकर विश्व परिवर्तन के निमित्त बनाने का प्रयास किया।

### आधुनिक तकनीक के युग में भी संतुष्ट नहीं

व्याख्यान में कहा, जीवन में वैश्विक बदलाव भी जरूरी है। द्वापर युग से समाज में नैतिक पतन होने से दुख-अशांति का माहौल निर्मित होने लगा। आज विश्व में भौतिक चकाचौंध बहुत है, लेकिन दुख, अशांति, तनाव, बीमारी से लोग घिरे हुए हैं। सभी सुविधाएं एवं नई तकनीक होने के बाद भी लोग संतुष्ट नहीं है। पुण्यतिथि पर प्रदेशभर से श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने फूल अर्पित कर एवं बाबा का ध्यान कर उन्हें याद किया।

## आराधना

# भगवान का भजन बुढ़ापे में करेंगे यह संभव नहीं, बचपन से ही अभ्यास जरूरी

**रायपुर।** अतिथि वो होते हैं, जिनके आने का न तो निश्चित समय होता है और न ही जाने का समय निश्चित होता है। जो बताकर आते और जाते हैं, वे अतिथि कैसे कहलाएंगे? अतिथि की सेवा और सत्कार करना ही नारायण की सेवा करना है। गुढ़ियारी हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव में श्रीमद भागवत कथा के दौरान महाभारत के दृष्टांत का वर्णन करते हुए ये बातें वृंदावन से आए कथावाचक पं. मनोज कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में कलयुग शुरू हो चुका है और अपना प्रभाव भी दिखा रहा है, जिसका असर लोगों पर परिलक्षित हो रहा है। ऐसे समय में भगवान का स्मरण और उनका संकीर्तन व श्रवण ही इससे छुटकारे का उपाय है।जो कहते हैं कि भगवान का भजन बुढ़ापे में करेंगे तो यह संभव नहीं है, क्योंकि इसके लिए बचपन से ही अभ्यास करना होता है।

### निष्काम मन से प्रणाम और बड़ों की सेवा करें

शास्त्रीजी ने ज्ञान प्राप्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य को ज्ञान भी तभी प्राप्त हो सकता है, जब वह ज्ञान उसे परमज्ञानी से प्राप्त हो , जिसमें उसके प्रति उसकी पूरी श्रद्धा, निष्ठा और कामनारहित भक्ति होती है, तभी उसे सच्चे ज्ञान की प्राप्ति हो सकती है। आज-कल बड़ों को प्रणाम करने की परंपराएं बदल गई हैं, केवल नाममात्र और दिखावे के लिए ही इन परंपराओं का पालन किया जा रहा है। वास्तविकता ये है कि जब निष्काम मन से प्रणाम और बड़ों की सेवा की जाती है तो उनसे जो आशीर्वाद और प्रसाद प्राप्त होता है, उससे जीवन सुखमय हो जाता है। शास्त्रीजी ने महाभारत में कुंती के दृष्टांत का वर्णन करते हुए बताया कि कुंती ने भगवान से कुछ नहीं मांगा, उसने केवल भगवान से कष्ट ही मांगे, जबकि उसका जीवन कष्टों से भरा हुआ था।

**कार्नर न्यूज**

● थोक मार्केट में 15 सौ की रेंज में मौर, सूट से मैचिंग डिजाइन पर 3 से 5 हजार तक कर रहे खर्च

# दूल्हे के लिए जोधपुर, जयपुर और दिल्ली से मंगा रहे सेहरा, साफा-पगड़ी का भी बढ़ा क्रेज

'शहर में हाई-प्रोफाइल शादियों को थीम बेस्ड बनाने का क्रेज तेजी से बढ़ने लगा है। ऐसे दौर में दूल्हे-दुल्हन के सूट और ड्रेसअप को देखते हुए ही सेहरा भी डिजाइन करने का ट्रेंड बढ़ा है। आलम ये है कि होटलों, मैरिज हॉल में होने वाली शादियों में दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोग भी साफा-पगड़ी में ही नजर आते हैं। इसे देखते हुए रायपुर के व्यापारी जोधपुर, जयपुर, दिल्ली, गुजरात से सेहरा और साफा-पगड़ी के साथ ही वरमाला और लग्न मंडप सजाने का साजो-सामान भी मंगाने लगे हैं।'

**रायपुर।** बदलते वक्त के साथ बहुत-सी चीजों ने सांस्कृतिक स्तर पर अपना अस्तित्व खो दिया है, लेकिन शादी-ब्याह में इस्तेमाल होने वाली कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनके बिना ये संस्कार अधूरे हैं। इनमें से एक बहुत महत्वपूर्ण वस्तु है 'मउर', जिसे विवाह के वक्त दूल्हे के सिर का ताज यानी सेहरा भी कहा जाता है। अरसे पहले तक 'मउर' (बांस से बनी एक विशेष प्रकार की टोपी) होती थी, जो अपना पारंपरिक वजूद खोने लगी है। गोलबाजार के थोक व्यापारी विमल जैन और अरिहंत जैन बताते हैं, अब जोधपुर, जयपुर, गुजरात व दिल्ली से आकर्षक सेहरा मंगाते हैं। इसे 100 से 1500 तक की रेंज में उपलब्ध करा रहे हैं। वहीं हाई-प्रोफाइल शादियों के लिए बल्क में साफा-पगड़ी का आर्डर लोग करते हैं, जो 35 रुपए से 300 तक की रेंज में मिलते हैं। इसे बांधने के लिए कारीगर भी भेजते हैं।



### रंगत के अनुरूप बनवाते हैं सेहरा

*'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगता है...' शादियां चाहें फिल्मों में हों या फिर असल जिंदगी से जुड़ी हों, दूल्हे की शान उसके सेहरे से होती है। दूल्हे के सिर पर बंधा सेहरा न सिर्फ हमारी परंपरा का हिस्सा है, बल्कि यह दूल्हे के लुक को और भी खास बनाता है। थोक व्यापारियों ने बताया, आर्टिफिशियल सेहरा के साथ कारीगरों से राजस्थानी पगड़ी थीम पर मउर बनवाते हैं। जो लोग शादी पर हैवी शेरवानी-कुर्ते या बंद गला कोट से मैचिंग में सेहरा बनवाते हैं, उन्हें 3 से 5 हजार तक एक्स्ट्रा चार्ज किया जाता है। गोरे या गेंहुए रंग के लोगों पर लाल, पीले रंग के सेहरे का ज्यादा इस्तेमाल होता है। सांवले रंग पर मेहरून, गुलाबी, शेड्स रंग का सेहरा खास लुक देता है।*

### सेहरे का लुक लगता है और भी शाही

कॉटन या सिल्क का रंगबिरंगी सेहरा के साथ स्टोन या मोती का ब्रॉन्च भी दूल्हे व दुल्हन के लिए तैयार मउर में लगाया जाने लगा है। इससे दूल्हे और दुल्हन का लुक और भी शाही लगता है। फूलों व मोतियों की लड़ी वाले सेहरे का चलन दक्षिण भारत में अधिक है। इसका चलन भी शहर में बढ़ने लगा है। दूल्हे का पूरा चेहरा फूलों या मोतियों की लड़ी से ढंका रहता है। ऊंचे कद के दूल्हे व दुल्हन पर यह सेहरा और भी फबता है। कारीगर फारुख खान, विजय साहू, देवकी और प्रतिमा ने बताया कि इसे चुनते वक्त ध्यान रखना होता है कि फूल बिल्कुल ताजा हों। उनकी महक हल्की हो और वर-वधू को एलर्जी न हो, इन्हें रेशम व सूती धागों में पिरोते हैं।

### आर्टिफिशियल फूलों से सजा रहे मंडप

कारीगरों ने आगे बताया कि पगड़ी या सेहरा बनाते वक्त सबसे पहले यह ध्यान रखना होता है कि सेहरा न अधिक टाइट हो और न बहुत ढीला। बहुत टाइट सेहरे से कई बार अधिक पसीना आता है, जबकि ढीली पगड़ी को संभालना बड़ी चुनौती होती है। अभी सेहरे का चयन पोशाक के रंग के कंट्रास्ट या मैचिंग के साथ लोग कराते हैं या फिर शेरवानी के बटन से मैच करता ब्रॉन्च लगवाने लगे हैं। उन्होंने बताया कि वरमाला और लग्न मंडप को सजाने के लिए आर्टिफिशियल फूलों के साथ ही तीन फ्लोर का झूमर उपयोग किया जाने लगा है। लोग इसे सजाने पर ही डिजाइन के अनुरूप 50 हजार से डेढ़ लाख तक खर्च करते हैं।

### रतनपुर स्थित महामाया मंदिर में 40 विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

# संगीत विद्यार्थियों के हिंदी और छत्तीसगढ़ी भजनों ने बांधा समां

**रायपुर।** कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के 40 विद्यार्थियों ने रतनपुर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ श्री महामाया मंदिर में सांगीतिक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसमें सांस्कृतिक और शैक्षिक अनुभव का संगम रहा। यात्रा के दौरान कलाकार विद्यार्थियों ने ट्रेन में अपने समूह के साथ-साथ अन्य यात्रियों का भी मनोरंजन किया। हारमोनियम, ढोलक और गिटार की संगत पर एक से बढ़कर एक सांगीतिक रचनाओं का दौर चलता रहा। मंदिर परिसर पहुंचने पर सभी विद्यार्थियों के लिए मंच और माइक की व्यवस्था की गई। हिंदी और छत्तीसगढ़ी भजनों की प्रस्तुति ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, प्रबंधक न्यासी अरुण शर्मा, ट्रस्टी संतोष शुक्ला और मनराखन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में कमलादेवी संगीत महाविद्यालय के सीनियर विद्यार्थी एवं रतनपुर के प्रसिद्ध सितारवादक उत्तम कुमार तंबोली ने राग वृंदावनी सारंग में मध्यमलय त्रिताल की गत प्रस्तुत की।

# समृद्ध भारत से दुनिया में वसुधैव कुटुंबकम की भावना होगी साकार

**रायपुर।** साधना फाउंडेशन एवं आचार्य सरयूकांत झा स्मृति संस्थान की ओर से शनिवार को सिविल लाइंस स्थित होटल में समृद्ध भारत खुशहाल धरती थीम पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मध्यस्थ दर्शन दिल्ली के अध्येता सोमदेव त्यागी ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात जिस आजादी का सपना हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था, वह पूरा नहीं हो रहा है। आधुनिक भारत में चुनावी प्रक्रिया खर्चीली हो गई है।

अब राजनीतिक दल केवल धन और प्रचारतंत्र से चुनाव जीतने को प्राथमिकता दे रहे हैं। हर घोषणा मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए होती है। हर मतदाता के लिए अलग घोषणा होने से परिवार का महत्व समाप्त होने लगा है, जबकि परिवार भारत में सबसे सशक्त इकाई होता है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सबको राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्वतंत्रता का अवसर दिलाने की बात लिखी है।

### असल मायने में विकास हर परिवार के खुशहाल व समझदार बनने से है

अनिता शाह ने कहा कि हर किसी को शिक्षा के माध्यम से समझदार बनाया जा सकता है, चेतना विकास मूल्य शिक्षा के जरिये अमानवीय गुणों से मानवीय गुणों में परिमार्जन किया जा सकता है। समृद्ध भारत से ही दुनिया में वसुधैव कुटुंबकम की भावना साकार हो सकती है। विकसित भारत में हर परिवार के खुशहाल और समझदार बने, तभी असल मायने में विकास माना जाएगा। इस कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी भारत-सपना, योजना और वास्तविकता पर अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के वक्ता इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (आईएसएई) के अध्यक्ष प्रो. दिनेश मारोठिया, नई दिल्ली से दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार सुदीप ठाकुर, पूर्व निर्वाचन अधिकारी व आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी, भाषाविद डॉ. चितरंजन कर, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रोफेसर डॉ. कल्पना मिश्रा, अभिभावक विद्यालय की संचालिका अनिता शाह, डॉ. राकेश गुप्ता, अधिवक्ता केके शुक्ला, अभ्युदय संस्थान अछोटी से डॉ. संकेत ठाकुर, डॉ. शुभा बनर्जी, पत्रकार पूजा जैन, निखिल तिवारी विशेष वक्ता रहे।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च अध्ययन के लिए प्रोत्साहन

**रायपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षकों के साथ 116 स्कूली बच्चों ने ट्रिपलआईटी का शैक्षणिक दौरा किया। बच्चे जेएनवी द्वारा संचालित विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के तहत इसमें शामिल हुए। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी द्वारा वित्त पोषित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उच्च अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना है। डीएसटी ने विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के सलाहकार के रूप में ट्रिपलआईटी नवा रायपुर को चुना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग डीएसटी ने नौवीं से बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के लिए विज्ञान ज्योति कार्यक्रम शुरू किया है। इसे जेएनवी के माध्यम से देश के 250 चयनित जिलों में लागू किया जा रहा है। हर जिले के केंद्र पर लगभग 100 मेधावी छात्रों का चयन किया जा रहा है। इन चयनित छात्रों को सालभर विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया जाएगा। जैसे रोल मॉडल के साथ बातचीत, विज्ञान शिविरों में भागीदारी, कॉलेज पार्टनर का दौरा, व्याख्यान, कैरियर परामर्श आदि।

## ऑटो एक्सपो में ई-वाहनों का क्रेज, बीएमडब्लू-महिंद्रा और एमजी की कार भी

# टाटा और नेक्सॉन की ई-कार में नए फीचर से बढ़ी मांग, बाइक से ज्यादा स्कूटी बिक रही

**रायपुर।** ऑटोमोबाइल के शौकीनों के लिए साइंस कॉलेज का मैदान रोजाना सज रहा है। यहां हजारों की संख्या में लोग सुबह से शाम तक पहुंच रहे हैं। बहुत से लोग भविष्य को मद्देनजर रखते हुए ई-वाहनों पर भरोसा दिखा रहे हैं। इसमें वे वोल्वो, टाटा की पंच व नेक्सॉन, महिंद्रा की एक्सयूवी 400 और एमजी आदि कंपनियों के चारपहिया वाहन खरीद रहे हैं। इसके अलावा शहर के लोग दोपहिया वाहनों में बजाज चेतक व टीवीएस आईक्यूब के स्कूटर खरीद रहे हैं। हरिभूमि टीम ने शनिवार को ऑटो एक्सपो पहुंचकर जायजा लिया। यहां ग्राहकों को लुभाने के लिए महंगी कारों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

वहीं मध्यम वर्ग के लोगों के जेब को ध्यान में रखते हुए ऑटो एक्सपो में बहुत-सी कारों व बाइक को डीलर्स द्वारा लाया गया है। वहीं कमर्शियल वाहनों में ई-रिक्शा व ऑटो आदि हैं। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि बीते तीन दिनों में करीब 300 ई-वाहनों की बिक्री हो चुकी है। चूंकि ई-वाहनों पर पहले से ही रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, इसलिए एक्सपो में कोई छूट नहीं है। ऑन स्पॉट फाइनेंस की सुविधा भी बैंकिंग सहयोगी द्वारा प्रदान की जा रही है, इसमें जीरो प्रोसेसिंग फीस है।

### ई-स्कूटर में बजाज और टीवीएस पर भरोसा

*एक दौर था, जब घर-घर में बजाज चेतक होता था। अब भी बाजार में चेतक बिक रहा है, फर्क इतना-सा है कि पहले पेट्रोल से चलता था, अब बैटरी चार्ज करने पर चलेगा। बजाज चेतक की कीमत सवा लाख से शुरू होकर डेढ़ लाख तक है। इसका टॉप मॉडल 3501 की रेंज 135 से 140 किलोमीटर है। इसकी चार्जिंग 3 से 5 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत होती है। वहीं बेस मॉडल 2503 की रेन्ज 100 से 110 किलोमीटर है। इसकी चार्जिंग 0 से 80 प्रतिशत 5 घंटे में होती है। टीवीएस आईक्यूब के 0.9 मॉडल की रेंज 75 से 150 किलोमीटर है। एस व यूजी मॉडल की रेन्ज 110 किलोमीटर है। इनकी कीमत सवा लाख से 2 लाख 15 हजार तक है। इसमें वाहन पंजीकरण के 7 से 10 के भीतर 15000 रुपए का कैशबैक मिलता है। इसके अलावा इसमें सब्सिडी 6 से 8 महीने में 11000 रुपए आती है।*

### टाटा पंच, नेक्सॉन व महिंद्रा एक्सयूवी की मांग बढ़ी

ऑटो एक्सपो में लोग टाटा के ई-वाहन, पंच व नेक्सॉन खरीदने पहुंच रहे हैं। टाटा पंच की कीमत 10 से 15 लाख रुपए तक है। इसकी रेंज 315 से 421 किलोमीटर है। इसमें बैटरी 25 से 35 किलोवाट की लगी है। चार्जिंग एसी में 33 किलोवाट के चार्जर से 3 से 4 घंटे में 10 से 100 प्रतिशत होती है। वहीं डीसी में 50 किलोवाट के चार्जर से एक घंटे में 10 से 80 प्रतिशत होती है। टाटा नेक्सॉन की प्राइज 14 से 18 लाख तक है। इसमें 40.5 से 46.08 किलोवाट बैटरी है। चार्जिंग एसी में 7.2 किलोवाट के चार्जर से 6 से 7 घंटे में 10 से 100 प्रतिशत होती है। वहीं डीसी में 60 किलोवाट के चार्जर से 50 मिनट में 10 से 80 प्रतिशत होती है। महिंद्रा एक्सयूवी 400 की कीमत 17 से 18 लाख है। इसकी रेंज 375 से 456 किलोमीटर है। एसी में चार्जिंग 7.2 किलोवाट के चार्जर से 7 घंटे में 0 से 100 प्रतिशत होती है। वहीं डीसी में चार्जिंग 50 किलोवाट के चार्जर से एक घंटे में 0 से 80 प्रतिशत होती है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### फुटबॉल में दुर्ग हीरोज़ एफसी को मिली जीत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित चौथी छत्तीसगढ़ स्टेट मेंस फुटबॉल लीग चैंपियनशिप के अंतर्गत आज शनिवार को पंत स्टेडियम सेक्टर-1 भिलाई में एक मैच दुर्ग हीरोज़ एफसी दुर्ग एवं एटीके चैंपियन एफसी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें दुर्ग हीरोज़ एफसी ने 2-0 से जीत दर्ज की। दुर्ग हीरोज़ की ओर से दोनों गोल खेमचंद आर्य ने 5 वें एवं 60 वें मिनट में किया।रायपुर की टीम कोई गोल नहीं कर पाई।

### राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ सब जूनियर एवं कैडेट दल पूना रवाना

**रायपुर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र संघ द्वारा 18 से 21 जनवरी तक सब जूनियर एवं 22 से 25 जनवरी तक कैडेट वर्ग की राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शिवाजी स्टेडियम, पुणे (महाराष्ट्र) में किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने आगे बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ का जूडो दल रवाना हो गया है।

टीम में सब जूनियर बालिका -28 किग्रा में तान्या चौधरी–दुर्ग,-32 किग्रा में लिलेश्वरी – कोंडागांव,-36 किग्रा में ममता –कोंडागांव,-40 kg योगिता मांडवी–कोंडागांव,-44 किग्रा में कोमल दास–बलौदा बाज़ार,-48 किग्रा में श्वेता गोस्वामी–बिलासपुर,-52 किग्रा में अश्मित–रायपुर, -57 किग्रा में भूमिका–बिलासपुर, +57 किग्रा में धनी सिन्हा–बिलासपुर, सब जूनियर बालक में-30 किग्रा में आर्यन जायसवाल–बिलासपुर,-35 किग्रा में धनंजय निषाद–बलौदा बाज़ार,-40 किग्रा में वैभव कुमार–बीएसपी,-45 किग्रा में दिव्यांश तिवारी –रायपुर,-50 किग्रा में सक्षम जायसवाल–दुर्ग,-55 किग्रा में अखिल यादव–बी.एसपी, -60 किग्रा में आशीष जायसवाल –बिलासपुर,-66 किग्रा में दिव्यांश निर्मलकर–दुर्ग,+66 किग्रा में पी अभिषेक–बिलासपुर शामिल हैं। जूनियर जूडो टीम के प्रशिक्षक/प्रबंधक राजकुमार जयसवाल बिलासपुर, बसंती पटेल कोंडागांव एवं शारदा गोस्वामी बिलासपुर है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो दल के कैडेट वर्ग के जूडो खिलाड़ियों के साथ हाल ही में प्रधानमंत्री बाल पुरुस्कार से सम्मानित कोंडागाँव की हेमबती नाग भी अपनी जूडो कला का प्रदर्शन करेंगी।बालक-50 किग्रा में मोनीश वर्मा (बी.एस.पी), -55 किग्रा में अरुण कुमार नेताम–कोंडागाव, -60 किग्रा में अरविंद मानिकपुरी बिलासपुर एवं अजय कुमार दुर्ग, -66 किग्रा में पंकज जायसवाल–बिलासपुर, -73 किग्रा में आभिषेक नियोगी (दुर्ग), -81 किग्रा में यूगल प्रसाद (दुर्ग),-90 किग्रा में दिलराज सिंह चीमा (रायपुर), +90 किग्रा में मैनक दत्ता। (रायपुर), बालिका-40 किग्रा में ज्योती ध्रुव ( बलौदा बज़ार ) एवं हेमबती नाग कोंडागांव, -44 किग्रा में दामीन निषाद (बलौदा बाज़ार), -48 किग्रा में चन्द्रप्रभा (कोण्डगाँव), -52 किग्रा में रंजिता कोराम (कोण्डागांव), -57 किग्रा में लेखा (कोण्डागांव), -63 किग्रा में भूमिका (कोण्डागांव),-70 किग्रा में अंजलि ठाकुर (बलौदाबाजार),+70 किग्रा में साधना जेसवाल (बिलासपुर) शामिल है। कैडेट टीम के प्रशिक्षक /प्रबंधक यशवंत ध्रुव बलौदा बाजार भाटापारा एवं तृषा राव भिलाई है। जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने बताया कि इस राष्ट्रीय कैडेट एवं सब जूनियर जूडो प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश की कैडेट एवं जूनियर टीम का चयन विगत दिनों भिलाई में किया गया था। राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता हेतु राज्य के प्रदेश अध्यक्ष अरुण द्विवेदी को टूर्नामेंट डायरेक्टर बनाया गया है तथा अंतर्राष्ट्रीय ऑर्गेनाइजिंग एक्सपर्ट शेख शरीफ एवं राष्ट्रीय रेफरी पी किशोर को रेफरी नियुक्त किया गया है।

### ऑल इंडिया सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ उप विजेता

**रायपुर।** 14 वी ऑल इंडिया सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो कि रामचंद्रपुरम आंध्र प्रदेश में 14 से 17 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने फाइनल में एसआरएम यूनिवर्सिटी से 48-57 से परास्त होकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की बालिका की मिनी एवं यूथ बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया. सेमीफाइनल में रामचंद्रपुरम को 53-40 से पराजित करते हुए फाइनल में जगह बनाई. टीम के कोच रोहित पटेल सहायक कोच शुभम तिवारी एव मैनेजर आरजू खातून थे।

### क्या फैट वाली चीजें बिल्कुल छोड़ देनी चाहिए?

# खानपान में तेल-घी का इस्तेमाल करने में उलझन है तो जानें जरूरी बातें, इसके फायदे और नुकसान दोनों

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, फैट दो प्रकार के होते हैं- हेल्दी और अनहेल्दी। अस्वास्थ्यकर फैट से सेहत को जरूर नुकसान होता है हालांकि हेल्दी फैट वाली चीजों की हमारे दैनिक आहार में जरूरत होती है। आइए जानते हैं कि आपको किन चीजों का सेवन करना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए?

जब भी बात शरीर को स्वस्थ रखने वाले आहार की होती है तब फाइबर-प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट वाली चीजों का सेवन बढ़ाने की सलाह दी जाती है। फिटनेस फ्रीक लोग अक्सर इन चीजों के सेवन के साथ आहार से फैट वाली चीजों को कम कर देते हैं। फैट वाले आहार को वजन बढ़ाने, क्रोनिक बीमारियों जैसे हृदय रोग और डायबिटीज के जोखिमों को बढ़ाने वाला माना जाता रहा है। तो क्या फैट हमारे लिए वास्तव में इतना नुकसानदायक है? स्वस्थ रहने के लिए क्या आहार से इनकी मात्रा को बिल्कुल कम कर देनी चाहिए?

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, फैट दो प्रकार के होते हैं- हेल्दी और अनहेल्दी। अस्वास्थ्यकर फैट से सेहत को जरूर नुकसान होता है हालांकि हेल्दी फैट वाली चीजों की हमारे दैनिक आहार में जरूरत होती है। आइए जानते हैं कि हेल्दी और अनहेल्दी फैट से क्या नुकसान और फायदे हो सकते हैं और इसके लिए

### हेल्दी और अनहेल्दी फैट के बारे में जानिए

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हेल्दी फैट अनसेचुरेटेड फैट्स होते हैं जबकि अनहेल्दी फैट सेचुरेटेड फैट्स। स्वस्थ वसा वाली चीजें कोलेस्ट्रॉल कम करने, रक्तचाप प्रबंधित करने और ब्लड शुगर को कम करने में मदद करती हैं। वहीं अनहेल्दी फैट्स को कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने वाला पाया गया है। ये हाई कैलोरी वाले भी होते हैं जिसके कारण वजन बढ़ने और क्रोनिक बीमारियों के विकसित होने का खतरा भी अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को आहार में हेल्दी फैट वाली चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए।

### स्वस्थ वसा वाली चीजों को आहार में करें शामिल

ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड सहित मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट्स को हेल्दी फैट माना जाता है। वसायुक्त मछलियां, ऑलिव आयल और चिया सीड्स आदि स्वस्थ वसा के कुछ सबसे अच्छे स्रोत हैं। भोजन में स्वस्थ वसा शामिल करने से पेट भरा हुआ महसूस होता है, इससे अधिक खाने की इच्छा नहीं होती है और वेट लॉस में आपको मदद मिल सकती है। स्वस्थ वसा वाली चीजें हार्मोन के कार्य, याददाश्त को सुधारने और कुछ प्रकार के पोषक तत्वों के अवशोषण में भी मदद करते हैं।

### स्वस्थ वसा क्यों जरूरी हैं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वसा एक आवश्यक मैक्रोन्यूट्रिएंट है जिसकी शरीर को नियमित रूप से जरूरत होती है। हार्ट की बीमारियों, कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर जैसी समस्याओं के जोखिमों को कम करने के लिए आहार में सभी लोगों को हेल्दी फैट वाली चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए। एवोकाडो, जैतून का तेल, नट्स, बीज और

वसायुक्त मछली खाना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। साल 2020 के एक अध्ययन से पता चलता है कि ऑलिव ऑयल का सेवन करने वाले लोगों में हृदय रोग और इसके कारण होने वाली गंभीर जटिलताओं का खतरा कम होता है।

### अनहेल्दी फैट से बनाएं दूरी

अनहेल्दी फैट वाली चीजें बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाने वाली मानी जाती हैं। ये दो प्रकार की होती हैं- सेचुरेटेड और ट्रांस फैट। आहार में मक्खन, तेल और रेड मीट आपके लिए बहुत नुकसानदायक हो सकते हैं।

## जिम जाने की क्या है सही उम्र जानना हो तो एक्सपर्ट की सुनें

सोशल मीडिया के इस दौर में हर किसी को एक्सपोजर मिल रहा है, ऐसे में लोगों पर अच्छा दिखने का दबाव काफी बढ़ चुका है। इसके लिए लोग खुद को फिट रखने की हर संभव कोशिश भी कर रहे हैं। खासकर युवाओं और किशोरों में फिटनेस को लेकर क्रेज सिर चढ़कर बोल रहा है। फिटनेस के चक्कर में किशोरों और बच्चों में भी जिम ज्वॉइन करने की होड़ सी मच रखी है।ऐसे में यह जानने और समझने की जरूरत है कि आखिर किस उम्र से वर्कआउट या जिम में एक्सरसाइज करना शुरू करना चाहिए।

दरअसल, आजकल स्लिम फिगर की चाहत में जहां लड़कियां हर तरह के वर्कआउट को आजमा रही हैं तो वहीं लड़के सिक्स पैक और एब्स बनाने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। जबकि छोटी उम्र में इतनी अधिक फिजिकल एक्सरसाइज या वर्कआउट सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती है। इसलिए इस सवाल का जवाब जानना जरूरी है कि आखिर जिम जाने की सही उम्र क्या है? फिजिशयन डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने इस बारे में विस्तार से बताया।

### बच्चों के लिए खेलकूद है बेहतर एक्सरसाइज

एक्सपर्ट डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह बताते हैं कि 14 साल तक की उम्र तक बच्चों के लिए खेलकूद से बेहतर कोई एक्सरसाइज नहीं होती है। क्योंकि इससे न सिर्फ बच्चों के शारीरिक विकास में मदद मिलती है बल्कि ये उनके मानसिक सेहत के लिए भी लाभकारी होता है। दरअसल, इस उम्र के बच्चों में काफी ऊर्जा होती है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसे जिम में पसीने बहाने में इस्तेमाल करें। बल्कि इस उम्र तक के बच्चों के लिए बैड मिंटन, टेनिस, रस्सी कूद, रनिंग और जंपिंग जैसे फिजिकल गेम्स काफी लाभकारी होते हैं। इससे हड्डियों के विकास, शरीर की लंबाई बढ़ने के साथ मोटापे से काफी हद तक निजात मिलती है।

किशोर इन एक्टिविटी के जरिए खुद को रखें फिट

वहीं 14 से 17 साल तक की उम्र में शरीर के सभी विकसित और मजबूत हो जाते हैं, लेकिन यह उम्र भी जिम ज्वाइन करने के लिए सही नहीं है। बल्कि इस उम्र में घर में ही योग और एक्सरसाइज का अभ्यास करना चाहिए। इसके अलावा इस उम्र के किशोरो के लिए स्विमिंग और साइकिलिंग बेहतर फि जि क ल एक्टिविटी है जो उन्हें सेहतमंद रखने में मददगार होती है।

### इस उम्र में ज्वाइन कर सकते हैं जिम

17 से 18 साल की उम्र में शरीर का लचीलापन दूर हो जाता है, इसलिए इस उम्र में जिम ज्वाइन कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप किसी अच्छे जिम संस्थान को ही ज्वाइन करें जहां पर प्रशिक्षित लोग ही फिजिकल एक्टिविटी की ट्रेनिंग देते हो। इसके साथ ही जिम ज्वाइन करते वक्त, आपको शुरुआती दिनों में कुछ बातों का ध्यान रखना होगा, जैसे कि शुरुआत में लंबे एक्सरसाइज का अभ्यास न करें।

## आर्किटेक्ट महिला क्रिकेट में ओडिशा व केरल के बीच आज खिताबी भिड़ंत

**रायपुर।** द इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किटेक्स द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल स्पर्धा (आईआईएपीएल) के तहत क्रिकेट महिला वर्ग में ओड़िसा और केरल की टीम फाइनल में पहुंच गई है। वहीं पुरुष वर्ग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु तथा महाराष्ट्र की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

> ■ पुरुष क्रिकेट में राजस्थान, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र सेमीफाइनल में

सेमीफाइनल और महिला व पुरूष वर्ग के फाइनल मुकाबले रविवार 19 जनवरी को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परसदा में खेले जाएंगे। पुरस्कार वितरण शाम 7 बजे होटल बेबीलान में आयोजित किया गया है। आईआईएपीएल में देशभर के 20 राज्यों से क्रिकेट टीमें पहुंची हुई है। आज लीग के साथ ही क्वार्टर फाइनल के मैच खेले गए। महिला वर्ग में ओड़िसा और केरल के बीच खिताबी मुकाबला होगा। वहीं पुरुष वर्ग में राजस्थान, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में सेमीफाइनल मैच खेले जाएंगे। इसके बाद फाइनल मैच होगा। सेमीफाइनल और फाइनल रविवार को खेले जाएंगे।

### टेबल टेनिस महिला वर्ग में शिल्पा चैम्पियन

शनिवार को बैडमिंटन और टेबल टेनिस के भी मुकाबले हुए। टेबल टेनिस के सेमीफाइनल और फाइनल मैच हुए। महिला वर्ग में महाराष्ट्र की शिल्पा चैम्पियन बनीं। उपविजेता ओड़िसा की शुभाश्री बनीं। इसीतरह पुरुष वर्ग में 40 वर्ष से कम आयु वर्ग में ओड़िसा के सब्यांची विजेता और अक्षय उपविजेता, 40 वर्ष से अधिक वर्ग में महाराष्ट्र के उपेन्द्र विजेता और मध्यप्रदेश के अर्पित उपविजेता तथा 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जम्मू कश्मीर के मनिंदर विजेता और गुजरात के हितेश उपविजेता बने।

### समापन व पुरस्कार वितरण आज

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्किटेक्स छत्तीसगढ़ चेप्टर के अध्यक्ष सौरभ रहाटगांवकर ने बताया कि खेल प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण 19 जनवरी रविवार को होटल बेबीलान वीआईपी रोड में होगा। शाम 7 बजे आयोजित कार्यक्रम में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी राजेश चौहान मौजूद रहेंगे। विजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ ही खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।-

## क्या घर की तिजोरी में रखनी चाहिए देवी-देवताओं की मूर्ति?

जब भी हम घर में कसी भी देवी या देवता कि प्रतिमा लेकर आते है तो उसे घर के मंदिर में स्थापित करते हैं। वहीं, कुछ लोग देवी-देवताओं की प्रतिमा को तिजोरी में भी विराजित करते हैं। जब भी हम घर में कसी भी देवी या देवता कि प्रतिमा लेकर आते है तो उसे घर के मंदिर में स्थापित करते हैं। वहीं, कुछ लोग देवी-देवताओं की प्रतिमा को तिजोरी में भी विराजित करते हैं।

विशेष रूप से मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, कुबेर देव और गणेश जी की मूर्ति घर की तिजोरी में लोगों द्वारा रखी जाती हैं। ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि क्या घर की तिजोरी में भगवान की मूर्ति रखना सही है। ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं।

ऐसा माना जाता है कि देवी-देवताओं की प्रतिमा उस स्थान पर रखनी चाहिए जहां से उनकी रोजाना पूजा-सेवा की जा सके। साथ ही, उनके रोजाना दर्शन हो सकें जिससे भगवान का आशीर्वाद मिलता है उनके दर्शनों से मिलने वाली सकारात्मकता हम तक पहुंच सके। ऐसे में अगर तिजोरी में भगवान की स्थापना करते हैं तो यह बहुत जरूरी हो जाता है कि तिजोरी फिर बंद न की जाए। सीधे-सीधे कहें तो भगवान को तिजोरी में रखा जा सकता है लेकिन इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि तिजोरी का द्वार खुला रहे और बंद न किया जाए। इसके अलावा, यह भी जरूरी है कि तिजोरी में भगवान की मूर्ति स्थापित करने के बाद भी उनकी नियमित पूजा और आरती करनी चाहिए। तभी तिजोरी में रखी देवी-देवताओं की प्रतिमा सिद्ध होती है और उनकी स्थापना का शुभ प्रभाव घर और घर के सदस्यों पर नजर आता है।

घर की तिजोरी में अगर भगवान की मूर्ति स्थापित कर रहे हैं तो इस बात का भी ध्यान रखें कि नियमित रूप से भगवान की प्रतिमा को तिजोरी से निकाल कर स्वच्छ करें और देवी-देवता का तिलक कर उनका श्रृंगार भी करें। साथ ही, देवी-देवता को उनके प्रिय पुष्प भी चढ़ाएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेत्री जेसिका अल्बा तोड़ रहीं 16 साल लंबी शादी

'फैंटास्टिक फोर'फेम अभिनेत्री और हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने अपने 16 साल की शादी के बाद अपने पति कैश वारेन से तलाक की घोषणा की है।

43 वर्षीय एक्ट्रेस, जो 'फैंटास्टिक फोर', 'सिन सिटी', 'इनटू द ब्लू' और 'अवेक' जैसी परियोजनाओं में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की। अल्बा के इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने कहा, ₹मैं वर्षों से खुद की खोज और परिवर्तन की यात्रा पर हूं अकेले भी और कैश के साथ भी। मुझे इस बात पर गर्व है कि पिछले 20 वर्षों में हम एक जोड़े के रूप में और अपने विवाह में कैसे आगे बढ़े हैं और अब समय आ गया है कि हम अकेले ही आगे बढ़ें।" 43 वर्षीय अल्बा और वॉरेन ने 2008 में शादी की थी और दोनों तीन बच्चों, बेटियां ऑनर, 16 और हेवन, 13 के साथ-साथ सात वर्षीय बेटे हेस के माता-पिता हैं। अल्बा ने कहा, ₹हम एक-दूसरे के प्रति प्रेम, दया और सम्मान के साथ आगे बढ़ रहे हैं और हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। अल्बा ने कहा, ₹हमारे बच्चे हमारी प्राथमिकता हैं और हम इस समय गोपनीयता बनाए रखने का अनुरोध करते हैं।₹ अभिनेत्री का यह बयान अमेरिकी मीडिया में यह रिपोर्ट आने के कुछ दिनों बाद आया है कि वह और वॉरेन पहले ही अलग हो चुके हैं और तलाक लेने की योजना बना रहे हैं। एक सूत्र ने बुधवार को मनोरंजन समाचार आउटलेट यूएस वीकली को बताया कि दोनों को अपनी शादी के दौरान कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने ये फैसला लिया।

### टॉलीवुड

## 'हरि हर वीरा मल्लू' का पहला गाना जारी, दर्शकों पर चला पवन की आवाज का जादू

हरि हर वीरा मल्लू का पहला गाना आखिरकार रिलीज हो गया है और सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। 'माता विनाली' वीडियो में पावरस्टार

पवन कल्याण को तेलंगाना बोली में प्रभावशाली संवाद बोलते हुए उनके बेहतरीन अंदाज में दिखाया गया है। साउथ फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' सुपरस्टार पवन कल्याण की मुख्य भूमिका में एक बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। आखिरकार निर्माताओं ने अपना वादा पूरा किया और अब उन्होंने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। हरि हर वीरा मल्लू का पहला गाना आखिरकार रिलीज हो गया है और सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। 'माता विनाली' शीर्षक वाले इस गीतात्मक वीडियो में पावरस्टार पवन कल्याण को तेलंगाना बोली में प्रभावशाली संवाद बोलते हुए उनके बेहतरीन अंदाज में दिखाया गया है। हुक लाइन, 'विनाली, वीरामल्लू माता चेब्थे विनाली' गाने की दिल को छू लेने वाली थीम को दर्शाती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'पावर स्टार पवन कल्याण गारु के गरजने वाले स्वरों के साथ पावरफुल होने के लिए पूरी तरह तैयार।' पवन कल्याण न केवल फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने गाने के तेलुगु संस्करण को अपनी आवाज भी दी है, जिसे पेंचल दास ने लिखा है। तमिल संस्करण में पा विजय के बोल हैं। दोनों संस्करणों का संगीत प्रसिद्ध एमएम कीरवाणी ने बनाया है। गाने के लॉन्च के समय की घोषणा करने के लिए पवन कल्याण का एक नया पोस्टर जारी किया गया, जिसमें अभिनेता अपने हाथ में डफली पकड़े हुए आकर्षक लग रहे हैं। 'हरि हर वीरा मल्लू' की कहानी के बात करें तो यह फिल्म साम्राज्यवादियों के खिलाफ आजादी के लिए एक योद्धा के संघर्ष की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।

### भोजपुरी

## डीप नेक साइड कट ड्रेस में मोनालिसा ने लूटा फैंस का चैन

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी अदाओं और दमदार लुक से फैंस को अपना कायल कर लेती हैं। उनकी हालिया तस्वीरें इसका सबूत हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस अपनी अदाओं और दमदार लुक से फैंस को अपना कायल कर लेती हैं। उनकी हालिया तस्वीरें इसका सबूत हैं। मोनालिसा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज में वे इतनी हसीन दिख रही हैं कि फैंस उनपर से अपनी नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। मोनालिसा ने हाल ही में ब्लू कलर की शिमरी ड्रेस में अपना सिजलिंग लुक फैंस को दिखाया है। इस साइड कट और डीप नेक ड्रेस में वो कमाल लग रही हैं। अपने लुक को एक्ट्रेस ने ब्लैक कलर हील्स के साथ पूरा किया था। उनके स्टार शेप वाले ईयररिंग्स उनके लुक में चार चांद लगा रहा था। लाइट मेकअप और हल्की लिपस्टिक को मोनालिसा ने शिमरी ब्लू आई मेकअप के साथ बैलेंस किया था। मोनालिसा ने इस दौरान अपना हेयरस्टाइल कर्ली बन रखा।



थाई-हाई स्लिट का फैशन



फैशन

हाल ही में मुंबई में हुए एक फैशन शो में कुछ डिजाइनरों ने थाई-हाई स्लिट को अपने ढंग से पेश किया। माना जाता है कि थाई-हाई स्लिट किसी भी आउटफिट के ग्लैमर को कई गुना बढ़ा देती है। फैशन में थाई-हाई स्लिट वाले कई लुक देखने को मिले, जिससे यह बात साबित होती है कि यह ट्रेंड कहीं खत्म नहीं होने वाला है। फीमेल और मेल दोनों मॉडल ने यहां शो में खूब सुर्खियां बटोरी।

# अपने आप टूट रहे हैं नाखून तो ऐसे रखें इनका ध्यान

नाखूनों का ध्यान रखने के कुछ सिंपल टिप्स जानना जरूरी है। कई बार नाखून टूटने की शिकायत होती है। इससे भी बचाव संभव है। जरूरी है कि सर्दी के इस मौसम में हमेशा दस्ताने पहन कर रखें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो सर्द हवाओं की वजह से आपके नाखून कमजोर होकर अपने आप ही टूटने लगेंगे। लगभग सभी लोग सर्दी के इस मौसम में गर्म पानी इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में नाखून काफी ज्यादा कमजोर होने लगते हैं। अगर आपके नाखून में कमजोर हो रहे हैं तो इन्हें गर्म पानी से दूर रखें। अगर आप अपने नाखूनों को अंदर से मजबूत बनाना चाहते हैं, तो उनकी हर रोज मालिश करें। इसके लिए आपको बस नारियल या बादाम का तेल लेना है, और उसकी मदद से हल्के हाथ से नाखूनों की मालिश करनी है। हाथों के साथ-साथ नाखूनों को पोषण देने में भी हैंडक्रीम काफी अच्छा काम करती है। ऐसे में सर्दी के मौसम में समय-समय पर हैंडक्रीम का इस्तेमाल करें। अगर आप सर्दी के इस मौसम में आप अपने नाखूनों के क्यूटिकल को साफ नहीं रखेंगे, तो इससे गंदगी जमा होती जाएगी। इसी गंदगी की वजह से नाखून कमजोर हो जाते हैं और टूटने लगते हैं।



## राष्ट्रीय पर्व पर पहनें पारंपरिक परिधान, स्टाइलिश दिखेगा लुक

फैशन

गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास है। ये दिन देशभर में 26 जनवरी को बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। हमारे इस राष्ट्रीय पर्व में अब सिर्फ हफ्ता भर बचा है। जाहिर है तैयारियां तो तेज होंगी ही। इस मौके पर जगह-जगह पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। अगर आप भी इस दिन खास तरह से तैयार होना चाहते हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प बताने जा रहे हैं। दरअसल, फिल्म जगत में कई ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास एथनिक का काफी शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप इन्हीं अभिनेताओं से टिप्स लेकर गणतंत्र दिवस के दिन तैयार हो सकते हैं। इन अभिनेताओं की लिस्ट में कार्तिक आर्यन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन शामिल हैं।

**वरुण धवन:** इस तरह का प्लेन सफेद कुर्ता और पायजामा आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस लुक के साथ जब आप तिरंगा पकड़ेंगे तो आपका अंदाज काफी क्लासी दिखेगा।

**वरुण धवन का दूसरा लुक:** आप चाहें तो इस तरह का धोती कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन कैरी कर सकते हैं। ऐसा धोती-कुर्ता आपको स्टाइलिश दिखने में भी मदद करेगा।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा:** अपने लुक्स की वजह से पहचाने जाने वाले सिद्धार्थ मल्होत्रा का हर लुक कमाल का होता है। खासतौर पर अगर बात करें उनके एथनिक लुक्स की तो आप इससे टिप्स लेकर तैयार हो सकते हैं। उनका ये वर्क वाला कुर्ता गणतंत्र दिवस के दिन के लिए एक परफेक्ट विकल्प है।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा का दूसरा लुक:** इस तरह का पिंक रंग का कुर्ता आपको अलग दिखने में मदद करेगा। इसे आप व्हाइट रंग के पायजामे के साथ पहन सकते हैं। इसके साथ पैरों में कोल्हापुरी चप्पल ही पहनें।

**कार्तिक आर्यन:** अगर आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स लेंगे तो आपका लुक काफी रॉयल लगेगा। इसके लिए आप हैवी वर्क वाला ऐसा कुर्ता कैरी कर सकते हैं। आपको बाजार में आसानी से चिकनकारी वर्क वाला कुर्ता मिल जाएगा।

**कार्तिक आर्यन का दूसरा लुक:**अगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रहे हैं, जो सिंपल और सोबर दिखे तो आप कार्तिक के इस लुक से टिप्स ले सकते हैं। गणतंत्र दिवस के दिन पील रंग का कुर्ता देखने में कमाल का लगता है।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार

सर्दी का मौसम चल रहा है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस मौसम में स्किन का सही से ध्यान ना रखा जाए तो त्वचा में कई तरह की परेशानियां सामने आने लगती हैं। ऐसे में चेहरे का ध्यान रखने के लिए ज्यादातर लोग घर पर ही स्किन केयर करते हैं। घर पर स्किन केयर करना वैसे तो काफी आसान है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि जब हम घर पर स्किन केयर करते हैं, तो कुछ ऐसी गलतियां होती हैं, जो हम कर देते हैं, क्योंकि इनके बारे में हमें पता नहीं होता है। इन गलतियों की वजह से स्किन केयर का हमारी त्वचा पर काफी गलत असर भी पड़ने लगता है।

### सनस्क्रीन ना लगाना

अक्सर लोग ऐसा सोचते हैं, कि सर्दी के मौसम में सनस्क्रीन का इस्तेमाल क्यों ही करना? लेकिन क्या आप जानते हैं, कि गर्मी की तरह ही सर्दी के मौसम में भी सनस्क्रीन जरूर इस्तेमाल करनी चाहिए। सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है।

### सही स्किन टाइप का ना जानना

सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

## नई बहू के पैरों में खूब जचेंगी बिछिया के ये डिजाइंस

दुल्हन के श्रृंगार में सिर से लेकर पांव तक ढेरों गहने लग जाते हैं। अधिकांश लोगों का ध्यान केवल उन गहनों पर जाता है जो आसानी दिख जाते हैं, मगर पैरों में पहने जाने वाली बिछिया का भी बहुत महत्व है। महत्व के साथ-साथ अब यह फैशन का भी हिस्सा बन चुकी है। इसलिए बाजार में आपको एक से बढ़कर एक बिछिया की डिजाइंस नजर जा जाएंगी।

### मल्टी कलर स्टोन बिछिया डिजाइन

आजकल बाजार में जंक ज्वेलरी की ढेरों डिजाइंस और पैटर्न दिख जाएंगे, प्योर सिल्वर में भी आपको जंक स्टाइल ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। जंक ज्वेलरी में आपको टो रिंग भी मिल जाएगी। इस तरह की टो रिग में आपको मल्टी कलर स्टोन वर्क मिल जाएगा, जो दिखने में बहुत ही खूबसूरत लगता है। बेस्ट बात तो यह है कि आप इस तरह की बिछिया को किसी भी वेस्टर्न स्टाइल के आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। आपको इसमें हैवी और लाइट दोनों ही वेट की बिछिया डिजाइंस देखने को मिलेंगी। आपको

इसमें पायल के साथ अटैच्ड बिछिया भी मिल जाएंगी और चारों उंगलियों और अंगूठे के लिए स्टाइलिश बिछिया सेट मिल जाएंगे। इस तरह के सेट में आपको चेन स्टाइल में भी बिछिया सेट मिल जाएंगे।

आपको सुनकर शायद अजीब लग रहा होगा मगर अब वेस्टर्न लुक एंड फील वाली टो-रिंग भी बाजार में आ रही हैं।

कार्नर न्यूज

स्टाइलिश और सबसे अलग दिखने कीजिए तुरंत शुरूआत

# सर्दियों में आउटफिट्स को स्टाइल करना मुश्किल नहीं, प्लीटेड स्कर्ट के लिए अपनाएं खास टिप्स

सर्दियों के मौसम में किसी भी आउटफिट्स को स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें समझ नहीं आता की उसके साथ ऐसा क्या गर्म कपड़े को स्टाइल करें, ताकि आप स्टाइलिश भी लगे और सबसे अलग भी नजर आए। जब बात आती है प्लीटेड स्कर्ट को वियर करने की तो इसके लिए आप इस आर्टिकल में बताए गए टिप्स को ध्यान में रख सकती हैं। इससे आपका लुक भी परफेक्ट लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने का मौका मिलेगा।

### लॉन्ग कोट के साथ करें स्टाइल

स्कर्ट पहनने के बारे में सोच रही हैं तो अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आप लॉन्ग कोट के साथ इसे वियर कर सकती हैं। इसमें आपको ड्रेस के कॉन्ट्रास्ट में अपने लिए कोट लेना होगा। जिसे आप इसके साथ स्टाइल कर सके। इसके बाद आप चाहें तो बेल्ट को एड कर सकती हैं, ताकि कोट के साथ लुक में थोड़ा ग्रेस आ सके। लॉन्ग कोट आपको मार्केट में काफी सारे मिल जाएंगे जिन्हें आप 500 से 1000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### हाईनेक के साथ करें स्टाइल

अगर आपको स्कर्ट के साथ कुछ कोट या स्वेटर वियर नहीं करना है तो आप स्कर्ट के साथ हाईनेक (शहनाज गिल के साड़ी लुक्स) को पेयर कर सकती हैं। आजकल काफी फैंसी

डिजाइंस की हाई नेक मिल जाती है, जो पहनने में भी अच्छी लगती हैं और लुक को क्लासी बनाती हैं। इसके साथ पहनकर आप स्कर्ट ऑफिस भी जा सकती हैं। मार्केट में ये हाईनेक आपको 200 से 250 रुपये में मिल जाएगी।

### बूट्स करें वियर

स्कर्ट में कम्फर्टेबल रहने के लिए आपको फुटवियर भी वियर करने पड़ेंगे। ऐसे में आप लॉन्ग बूट्स को स्टाइल (विंटर आउटफिट टिप्स) कर सकती हैं। यह काफी स्टाइलिश लगते हैं। आजकल के फैशन ट्रेंड में भी काफी चल रहे हैं। इसमें आपको ब्लैक, ब्राउन, लाइट ग्रे यहां तक की व्हाइट कलर भी मिल जाएंगे। जिसे आप स्कर्ट के कलर से मैच करके पहन सकती हैं। इन टिप्स की मदद से आप प्लीटेड स्कर्ट को स्टाइल कर सकती हैं और लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।